रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-21112026-278125
CG-DL-E-21112026-278125

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 690] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 21, 2026/कार्तिक 30, 1948
No. 690] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 21, 2026/KARTIKA 30, 1948

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 नवम्बर, 2026

सं. एक्स-N-12011/1/2026-यो.एवं वि.–जबकि, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का 36) की धारा 157 और 158 में यथा अपेक्षित, कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 2026 का प्रारूप भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III-खंड 4 में अधिसूचना संख्या 468 दिनांक 22.07.2026 के माध्यम से प्रकाशित किया गया था; जिसमें उक्त अधिसूचना वाले राजपत्र को, जनता को उपलब्ध होने की तिथि से पैंतालीस दिनों की अवधि के भीतर उन सभी व्यक्तियों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें इससे प्रभावित होने की संभावना थी।

और जबकि, उक्त अधिसूचना 22 जुलाई, 2026 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी।

और जबकि, व्यक्तियों और हितधारकों से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सम्यक रूप से विचार कर लिया गया है।

अतः अब, कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 को अधिक्रमण करते हुए; सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का 36) की धारा 158 के साथ पठित धारा 157 की उप-धारा (i) और साधारण खंड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) की धारा 24 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए;

ऐसे अधिक्रमण से पहले की गई अथवा की जाने से छोड़ी गई बातों के मामलों को छोड़कर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियमावली, 2026

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त शीर्षक और विस्तार - (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण) विनियमावली, 2026 है।

(2) इनका विस्तार संपूर्ण भारत में होगा।

2. परिभाषाएँ (1) इन विनियमों में, जब तक प्रसंग से अन्यथा न अपेक्षित हो-

(क) "नियत दिन" से स्थापना के संदर्भ में वह तिथि अभिप्रेत है, जिस दिन से उस स्थापना के नियोक्ता और कर्मचारी का अंशदान संहिता की धारा 29 के अंतर्गत देय हो जाए तथा संहिता के अध्याय-IV के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संबंध में ऐसी स्थापना के कर्मचारियों को कोई हितलाभ प्रदान किए जाने लगें;

(ख) "उपयुक्त कार्यालय", "उपयुक्त शाखा कार्यालय", "उपयुक्त औषधालय-सह-शाखा कार्यालय" "उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय" अथवा "उपयुक्त उप-क्षेत्रीय कार्यालय" से विनियमों के अंतर्गत की गई कार्रवाई के संदर्भ में निगम का ऐसा कार्यालय अभिप्रेत है, जिसे निगम के सामान्य अथवा विशेष आदेश के अंतर्गत उस उद्देश्य के लिए निर्दिष्ट किया जाए;

(ग) "शाखा प्रबंधक" से निगम द्वारा इस रूप में नियुक्त व्यक्ति अथवा शाखा कार्यालय का प्रभारी अथवा औषधालय-सह-शाखा कार्यालय का प्रबंधक अभिप्रेत है;

(घ) "शाखा कार्यालय", "औषधालय-सह-शाखा कार्यालय", "क्षेत्रीय कार्यालय" और "उप क्षेत्रीय कार्यालय" से प्रसंग अनुसार निगम का ऐसा अधीनस्थ कार्यालय अभिप्रेत है, जिसे निगम द्वारा ऐसे स्थान पर एवं ऐसे क्षेत्राधिकार व ऐसे कार्य उद्देश्य के साथ स्थापित किया जाए जैसा निगम समय-समय पर निर्धारित करे;

(ङ) "केंद्रीय नियमावली" से अभिप्रेत है, संहिता की धारा 154 और 155 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार द्वारा बनाए गए सामाजिक सुरक्षा (केंद्रीय) नियम, 2026;

(च) 'संहिता" से सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का अधिनियम 36) अभिप्रेत है;

(छ) "औ.-सह-शा.कार्यालय" से निगम द्वारा स्थापित औषधालय-सह-शाखा कार्यालय अभिप्रेत है;

(ज) "नियोक्ता" से संहिता में यथा परिभाषित नियोक्ता अभिप्रेत है;

(झ) "नियोक्ता कूट संख्या" से संहिता, नियमों और इन विनियमों के प्रयोजनार्थ किसी स्थापना को आबंटित पंजीकरण संख्या अभिप्रेत है; अथवा इस प्रयोजनार्थ ऐसी कोई अन्य पहचान, जिसे निगम समय-समय पर निर्धारित करे।

(ञ) "स्थापना" से ऐसी स्थापना अभिप्रेत है, जिस पर संहिता लागू होती है;

(ट) "प्रपत्र" से इन विनियमों में संलग्न प्रपत्र अभिप्रेत है;

(ठ) "बीमाकृत व्यक्ति कार्ड" से अभिप्राय उस पहचान-पत्र से है, जो निगम द्वारा किसी बीमाकृत व्यक्ति अथवा बीमाकृत महिला तथा उसके परिवार के सदस्यों को, संहिता, नियमावली एवं इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए उनकी पहचान सुनिश्चित करने हेतु, इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा अन्य किसी माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है, तथा जिसमें बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य(यों) का विवरण निहित होता है;

(ड) "निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता" से संहिता के अध्याय-IV के प्रयोजनार्थ संहिता की धारा 122 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार की अधिसूचना के द्वारा नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ढ) "अनुदेश" से निगम अथवा निगम के ऐसे अधिकारी अथवा अधिकारियों द्वारा जारी अनुदेश अथवा आदेश अभिप्रेत है, जिन्हें इस निमित्त निगम द्वारा प्राधिकृत किया जाए;

(ण) "बीमा चिकित्सा अधिकारी" से चिकित्सा हितलाभ प्रदान करने और सौंपे गए ऐसे अन्य कार्यों को करने के लिए इस रूप में नियुक्त चिकित्सा व्यवसायी और संहिता के अध्याय-IV के प्रयोजनार्थ विधिवत रूप से नियुक्त चिकित्सा व्यवसायी अभिप्रेत है;

(त) "बीमा संख्या" से संहिता के अध्याय-IV के प्रयोजनार्थ, नियमों और इन विनियमों के लिए निर्दिष्ट पोर्टल द्वारा किसी कर्मचारी को किसी प्रणाली द्वारा सृजित आबंटित पंजीकरण संख्या अभिप्रेत है;

(थ) "चिकित्सा बोर्ड" से इन विनियमों के अंतर्गत निगम द्वारा गठित ऐसा निकाय अभिप्रेत है, जिसमें विधिवत नियुक्त चिकित्सा व्यवसायी तथा जहाँ आवश्यक हो, वहाँ विशेषज्ञ भी सम्मिलित है, जिसे किसी बीमाकृत व्यक्ति की बीमारी, अस्थायी अथवा स्थायी निःशक्तता, व्यवसायजन्य रोग अथवा संहिता, नियमों अथवा इन विनियमों के अंतर्गत उसे संदर्भित अन्य विषयों के संबंध में परीक्षण, मूल्यांकन तथा प्रमाणीकरण करने के लिए गठित किया गया हो; और इसमें ऐसे प्रयोजनार्थ गठित कोई विशेष चिकित्सा बोर्ड भी सम्मिलित होगा;

(द) "क्षेत्रीय निदेशक" से निगम द्वारा विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिए इस रूप में नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ध) "पंजीकृत दाई" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी राज्य में परिचारिका और दाई के पंजीकरण के संबंध में लागू किसी विधि के अंतर्गत दाई के रूप में पंजीकृत है;

(न) "नियमावली" से अभिप्रेत है, संहिता के अंतर्गत केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियम;

(ऩ) "विनिर्दिष्ट" से अभिप्रेत है, निगम अथवा निगम द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट;

(प) "राज्य चिकित्सा अधिकारी" से अभिप्रेत है, निगम द्वारा इस रूप में नियुक्त बीमा चिकित्सा अधिकारी;

(फ) "राज्य नियमावली" से अभिप्रेत है, संहिता की धारा 154 और 156 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियम;

(ब) कर्मचारी के संबंध में "मजदूरी अवधि", जिसका उल्लेख संहिता की धारा 29 की उप-धारा (3) में किया गया है, से वह अवधि अभिप्रेत है, जिसके संबंध में उसे रोजगार संविदा की शर्तों के अनुसार, चाहे वे स्पष्ट, निहित या अन्यथा हों, सामान्यतः मजदूरी देय होती है।

(भ) "**वर्ष" से अभिप्रेत है, सामाजिक सुरक्षा** (केन्द्रीय) नियमावली, 2026 में यथापरिभाषित वर्ष अथवा अन्यथा यथाविनिर्दिष्ट वर्ष;

(2) अन्य सभी शब्दों और पदों के अर्थ, यथा स्थिति, क्रमशः वही होंगे, जो संहिता अथवा नियमों में हैं।

3. निगम द्वारा अपनी शक्तियों के प्रयोग करने की रीति - (1) जहाँ कोई विनियम निगम को कुछ विनिर्दिष्ट करने, विहित करने, उपबंध करने, निर्णय करने अथवा निर्धारित करने अथवा कोई अन्य कार्य करने का अधिकार देता है, वहाँ ऐसी शक्ति का प्रयोग निगम के संकल्प द्वारा अथवा संहिता की धारा 5 की उप-धारा (4) के उपबंधों के अध्यधीन स्थायी समिति के संकल्प द्वारा किया जा सकेगा :

परंतु इन विनियमों के अंतर्गत निगम अथवा स्थायी समिति कोई भी शक्ति किसी उप-समिति अथवा निगम के ऐसे अन्य अधिकारियों को प्रत्यायोजित कर सकती है, जैसा वह इस संबंध में विनिर्दिष्ट करे,

परंतु आगे इस विनियम के अंतर्गत ऐसी किसी शक्ति का प्रत्यायोजन नहीं किया जाएगा, जिसका प्रयोग संहिता के अंतर्गत केवल निगम द्वारा किया जाना अपेक्षित है।

(2) इन विनियमों के अंतर्गत निगम द्वारा की जाने वाली किसी नियुक्ति को महानिदेशक अथवा ऐसे अन्य अधिकारियों द्वारा किया जाएगा, जिन्हें इस प्रयोजन के लिए स्थायी समिति द्वारा प्राधिकृत किया गया हो।

4. किसी कार्यालय द्वारा शक्तियों का प्रयोग-

जहाँ किसी शक्ति का प्रयोग उपयुक्त कार्यालय अथवा उपयुक्त शाखा कार्यालय अथवा उपयुक्त औषधालय-सह-शाखा कार्यालय अथवा उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय अथवा उपयुक्त उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जाना है, वहाँ इसका प्रयोग तत्समय के प्रभारी अधिकारी द्वारा अथवा ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जिसे महानिदेशक के सामान्य अथवा विशेष आदेशों के अंतर्गत इस प्रयोजनार्थ प्राधिकृत किया गया हो।

5. अंशदान और हितलाभ अवधियाँ- (1) अंशदान अवधि और तदनुरूपी हितलाभ अवधि निम्नानुसार होगी :

अंशदान अवधि	**तदनुरूपी हितलाभ अवधि**
1 अप्रैल से 30 सितंबर तक	अगले वर्ष की 1 जनवरी से 30 जून तक
1 अक्टूबर से अगले वर्ष के 31 मार्च तक	1 जुलाई से 31 दिसंबर तक

परंतु किसी व्यक्ति के लिए, जो संहिता के पर्याय के अंतर्गत पहली बार कर्मचारी बनता है, उसकी पहली अंशदान अवधि ऐसे नियोजन की तिथि पर चालू अंशदान अवधि से प्रारंभ होगी और तदनुरूपी हितलाभ अवधि ऐसे नियोजन की तिथि से नौ माह की अवधि की समाप्ति पर आरंभ होगी।

6. निगम, स्थायी समिति और चिकित्सा हितलाभ समिति की बैठकों में मतदान की विधि- निगम, स्थायी समिति एवं चिकित्सा हितलाभ समिति की बैठकों में मतदान हाथ उठा कर, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा किया जाएगा और किसी प्रस्ताव के पक्ष व विपक्ष में मतदान करने वाले व्यक्तियों के नाम केवल तब दर्ज किए जाएंगे, जब कोई उपस्थित सदस्य अध्यक्ष से ऐसा करने का अनुरोध करे।

7. **निगम के समक्ष लाए जाने वाले मामले** – संहिता अथवा केंद्रीय नियमावली के किसी विशिष्ट उपबंध के अंतर्गत निगम के समक्ष रखे जाने के लिए अपेक्षित मामलों के अतिरिक्त, निम्नलिखित मामले निगम को उसके निर्णय के लिए संदर्भित किए जाएंगे :

(क) धारा 157 के अंतर्गत विनियम और उनके संशोधन, अंतिम प्रकाशन से पूर्व;

(ख) संहिता की धारा 33, 44 और 45 के अंतर्गत प्रस्तावित कोई उपाय;

(ग) धारा 32 की उपधारा (2) के अंतर्गत परिवारों को चिकित्सा हितलाभ विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव;

(घ) धारा 40 की उपधारा (4) के अंतर्गत किसी विवाद को मध्यस्थता के लिए संदर्भित किए जाने हेतु प्रस्ताव;

(ङ) धारा 40 की उपधारा (7), (8), (9) और (10) के अंतर्गत अस्पताल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव;

(च) धारा 39 की उपधारा (4) के अंतर्गत कोई प्रस्ताव;

(छ) विनियम 2 के उपखंड (घ) के अंतर्गत यथापरिभाषित कार्यालयों की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव।

(छ) धारा 143 (1) के अंतर्गत छूट प्रदान करने का कोई प्रस्ताव;

(ज) संहिता के अंतर्गत स्वीकार्य किसी हितलाभ के पैमाने की समीक्षा करने और उसे परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव तथा वह अवधि जिसके लिए केंद्रीय नियमावली के नियम 22 के उप-नियम (8) के अंतर्गत ऐसा हितलाभ दिया जा सकता है;

(झ) कोई अन्य मामला, जिसे निगम अथवा उसके अध्यक्ष, स्थायी समिति अथवा महानिदेशक को निगम के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निदेशित करे।

8. निगम के सहायतार्थ समितियां – (1) निगम, आदेश द्वारा, ऐसी तारीख से, जैसा कि उसमें विनिर्दिष्ट हो, उन विषयों पर निगम को सहायता प्रदान करने के लिए एक अथवा अधिक समितियों का गठन कर सकता है, जिन पर अनुशंसा प्राप्त करने के लिए निगम उसे संदर्भित करे।

(2) समितियों में निम्नलिखित सदस्य हो सकते हैं :

(i) एक अध्यक्ष;

(ii) कर्मचारियों/नियोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की समान संख्या;

(iii) निगम के अधिकारियों की उपयुक्त संख्या;

(iv) एक सदस्य-सचिव, जो निगम का अधिकारी होगा;

(v) कोई अन्य सदस्य;

जैसा कि निगम द्वारा नामित किया जाए।

(3) प्रत्येक समिति के विचारार्थ विषय वही होंगे, जो उक्त आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(4) ऐसी सभी समितियाँ वर्ष में कम-से-कम दो बार, या ऐसी आवृत्ति पर बैठक करेंगी जैसा कि निगम द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

9. **क्षेत्रीय बोर्ड –** (1) निगम के अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय बोर्ड स्थापित किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित होंगे, अर्थात् : –

(क) एक अध्यक्ष, जो राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के परामर्श से निगम के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा;

(ख) एक उपाध्यक्ष, जो राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के परामर्श से निगम के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा;

(ग) राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र का एक प्रतिनिधि, जो राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन द्वारा नामित किया जाएगा;

(घ) निगम द्वारा नियुक्त बीमा आयुक्त;

(ङ) निगम द्वारा नियुक्त चिकित्सा आयुक्त;

(च) (i) प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी अथवा कोई अन्य अधिकारी, जो राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा योजना का प्रत्यक्ष प्रभारी हो, पदेन;

(ii) निगम का राज्य चिकित्सा अधिकारी, पदेन;

(छ) राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र से नियोक्ताओं और कर्मचारियों के एक-एक प्रतिनिधि, जो राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुशंसित नियोक्ताओं और कर्मचारियों के ऐसे संगठनों के परामर्श से निगम के अध्यक्ष द्वारा नामित किए जाएंगे;

(ज) अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सरकारी अधिकारी, यदि कोई हो, के अतिरिक्त निगम के ऐसे सदस्य, जो संहिता की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित किए गए हों, जो राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र में निवास कर रहे हों, पदेन;

(झ) केंद्र सरकार द्वारा नामित चिकित्सा हितलाभ समिति के ऐसे सदस्य, जो राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में निवास कर रहे हों, पदेन;

परंतु जहाँ निगम का अध्यक्ष ऐसा करना समीचीन समझता हो, वहाँ वह नियोक्ताओं और कर्मचारियों के ऐसे अतिरिक्त प्रतिनिधि नामित कर सकेगा, जिनकी संख्या प्रत्येक पक्ष से तीन से अधिक नहीं होगी, जिसका उद्देश्य उन महत्वपूर्ण संगठनों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्रदान करना है, जिन्हें राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र के नामांकनों में सम्मिलित नहीं किया गया है, और ऐसे नियोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या के बीच संतुलन बनाए रखना है :

परंतु यह भी प्रावधान है कि जहां नियोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या, पदेन सदस्यों सहित, प्रत्येक पक्ष से तीन से कम हो, वहां निगम का अध्यक्ष नियोक्ताओं और कर्मचारियों के ऐसे अतिरिक्त प्रतिनिधियों को नामित करेगा, जिनकी संख्या प्रत्येक पक्ष से तीन से अधिक नहीं होगी।

परंतु यह भी प्रावधान है कि लैंगिक प्रतिनिधित्व को समुचित महत्व दिया जाएगा।

(2) क्षेत्रीय बोर्ड, यदि उचित समझे, तो अपनी सीमा क्षेत्र के भीतर स्थापित किसी उप क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी और/या क्षेत्र में चिकित्सा व्यवसाय के सदस्य को सहयोजित कर सकेगा और इस प्रकार सहयोजित व्यक्ति, क्षेत्रीय बोर्ड के प्रसादपर्यंत सदस्य बना रहेगा।

(3) क्षेत्रीय कार्यालय का क्षेत्रीय निदेशक, बोर्ड का सदस्य-सचिव होगा।

(4) (i) इस विनियम में जैसा स्पष्ट रूप से उपबंधित है, उसके सिवाय, उप-विनियम (1) के खंड (ङ) और परंतुक में निर्दिष्ट क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्यों की पदावधि उनके नामांकन की अधिसूचना की तिथि से तीन वर्ष की होगी; परंतु यह कि क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्य, उक्त अवधि की समाप्ति के बावजूद,

अपने उत्तराधिकारियों के नामांकन की अधिसूचना जारी होने तक अथवा एक वर्ष की अवधि तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे।

(ii) इस विनियम में जैसा स्पष्ट रूप से उपबंधित है, उसके सिवाय, उप-विनियम (1) के खंड (ग) में संदर्भित क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्य उन्हें नामित करने वाली राज्य सरकार के प्रसादपर्यंत पद पर बने रहेंगे।

(iii) उप-विनियम (1) के खंड (च) में संदर्भित क्षेत्रीय बोर्ड का कोई सदस्य निगम का सदस्य नहीं रहने पर या उस क्षेत्र में निवास करना बंद कर देने पर अपने पद पर भी नहीं रहेगा।

(iv) इस उप-विनियम के खंड (1) में संदर्भित कोई सदस्य, जो किसी आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए नामित किया गया है, उस सदस्य की शेष पदावधि के लिए पद पर बना रहेगा, जिसके स्थान पर उसे नामित किया गया है।

(v) कोई निवर्तमान सदस्य पुनः नामांकन के लिए पात्र होगा।

(5) उपर्युक्त उप-विनियम (1) के खंड (ङ) और उसके परंतुक में संदर्भित क्षेत्रीय बोर्ड का कोई सदस्य, क्षेत्रीय बोर्ड के अध्यक्ष के माध्यम से निगम के अध्यक्ष को लिखित सूचना देकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा, और उसका पद त्यागपत्र स्वीकार होने पर रिक्त हो जाएगा।

(6) (i) उप-विनियम (1) के खंड (ङ) और उसके परंतुक में संदर्भित क्षेत्रीय बोर्ड का कोई सदस्य बोर्ड का सदस्य नहीं रह जाएगा यदि वह लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहता है; परंतु यह कि यदि निगम का अध्यक्ष उन अपरिहार्य कारणों या परिस्थितियों से संतुष्ट हो जाता है जिनके कारण सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सका, तो उसकी सदस्यता बहाल की जा सकेगी।

(ii) जब क्षेत्रीय बोर्ड में नियोक्ताओं या कर्मचारियों के किसी संगठन का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित कोई व्यक्ति ऐसे संगठन का प्रतिनिधित्व करना बंद कर देता है, तो निगम का अध्यक्ष, भारत के राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, यह घोषणा कर सकेगा कि ऐसा व्यक्ति उस तिथि से, जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाए, बोर्ड का सदस्य नहीं रह जाएगा।

(7) क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्य ऐसे शुल्क और भत्ते प्राप्त करेंगे, जो केंद्र सरकार द्वारा निगम के सदस्यों के लिए विहित किए जाएं।

(8) कोई व्यक्ति क्षेत्रीय बोर्ड का सदस्य नामित होने के लिए या सदस्य बने रहने के लिए निम्नलिखित स्थितियों में अयोग्य होगा-

(i) यदि उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित कर दिया गया है; अथवा

(ii) यदि वह घोषित दिवालिया है; अथवा

(iii) यदि विनियमों के प्रारंभ होने से पूर्व या पश्चात, उसे नैतिक अधमता से जुड़े किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है।

(9) क्षेत्रीय बोर्ड की वर्ष में कम-से-कम दो बार बैठक होगी। सचिव, अध्यक्ष के अनुमोदन से, प्रत्येक बैठक की तिथि, समय और स्थान नियत करेगा और उसकी कार्यसूची तैयार करेगा। प्रत्येक बैठक के लिए साधारणतया डाक में डाले जाने की तिथि से कम-से-कम दस दिन का नोटिस प्रत्येक सदस्य को दिया जाएगा; परंतु यदि आपातकालीन बैठक बुलाना आवश्यक हो, तो उसकी उचित सूचना प्रत्येक सदस्य को दी जाएगी। अध्यक्ष की अनुमति के बिना कार्यसूची में सम्मिलित विषयों के अतिरिक्त किसी अन्य विषय पर विचार नहीं किया जाएगा।

(10) किसी भी बैठक में कोई कार्य तब तक संपन्न नहीं किया जाएगा, जब तक कि बोर्ड के सदस्यों की कुल संख्या के कम-से-कम एक-तिहाई की गणपूर्ति न हो; परंतु यदि किसी बैठक में गणपूर्ति के लिए पर्याप्त संख्या में सदस्य उपस्थित नहीं हैं, तो अध्यक्ष बैठक को मूल बैठक की तिथि से सात दिन के भीतर की किसी तिथि तक के लिए स्थगित कर सकेगा और तब ऐसी स्थगित बैठक में उपस्थित सदस्यों की संख्या पर ध्यान दिए बिना कार्य का निपटान करना विधिपूर्ण होगा।

(11) सभी मामलों का निर्णय उपस्थित और मतदान करने वाले व्यक्तियों के बहुमत द्वारा किया जाएगा और मत बराबर होने की स्थिति में, अध्यक्ष का निर्णायक मत या द्वितीय मत होगा।

(12) क्षेत्रीय बोर्ड के अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपस्थित सदस्य अपने बीच से किसी एक को अध्यक्षता करने के लिए चुन सकते हैं।

(13) (i) प्रत्येक बैठक का कार्यवृत्त, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसमें उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाए गए हों, बैठक के पश्चात यथाशीघ्र तथा किसी भी स्थिति में बैठक की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर क्षेत्रीय बोर्ड के सभी सदस्यों को प्रेषित किया जाएगा।

(ii) प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त के अभिलेख पर पुष्टि के पश्चात, बैठक के दौरान उसमें आवश्यक समझे जाने वाले उन संशोधनों के साथ, जिन पर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई, अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा।

(14) क्षेत्रीय बोर्ड, जिस क्षेत्र के संबंध में स्थापित किया गया है, उसमें निम्नलिखित कार्य करेगा :

(क) ऐसे प्रशासनिक और/या अधिशासी कार्य, जो समय-समय पर निगम या स्थायी समिति द्वारा किसी संकल्प के माध्यम से उसे सौंपे या प्रत्यायोजित किए गए हों।

(ख) संहिता, नियमों एवं विनियमों तथा योजना के संचालन में अपनाए जाने वाले प्रपत्र और प्रक्रिया में ऐसे परिवर्तनों के संबंध में समय-समय पर सिफारिशें करना, जो उसकी राय में उपयुक्त हों।

(ग) निगम के सामान्य निर्णयों और प्राथमिकताओं के कार्यक्रम के व्यापक ढाँचे के भीतर निम्नलिखित मामलों का निर्णय करना, परंतु जहाँ निगम या उपयुक्त सरकार की विशिष्ट स्वीकृति आवश्यक हो, वहाँ ऐसी स्वीकृति प्राप्त की जाएगी :

(i) नए क्षेत्रों में योजना का विस्तार और परिवारों तक चिकित्सा देखभाल का विस्तार;

(ii) क्षेत्र की विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष उपायों को अपनाना;

(iii) हितलाभों में सुधार;

(iv) अंतःरोगी चिकित्सा उपचार की व्यवस्था;

(v) क्षेत्र में स्थायी रूप से निःशक्त उन बीमाकृत व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए उपाय और व्यवस्थाएँ।

(vi) संहिता, केंद्रीय नियमावली, विनियमों तथा अन्य नियमों और अनुदेशों के विभिन्न उपबंधों का नियोक्ताओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करना;

(घ) राज्य में योजना के संचालन की समय-समय पर समीक्षा करना, जिसमें चिकित्सीय पक्ष के साथ-साथ नकद हितलाभ पक्ष भी सम्मिलित है, तथा योजना के संचालन में नकद हितलाभों के भुगतान और चिकित्सा हितलाभों के प्रशासन के संदर्भ में सुधार हेतु किए जाने वाले उपायों पर निगम और राज्य सरकार को सलाह देना और विशेष रूप से निवारक स्वास्थ्य उपायों, सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देना तथा शिथिल प्रमाणन प्रक्रिया और योजना के अन्य दुरुपयोगों की समीक्षा एवं जाँच करना।

(ङ) बीमाकृत व्यक्तियों, नियोक्ताओं आदि की सामान्य शिकायतों और कठिनाइयों की, जैसा यह आवश्यक समझे, जाँच करना।

(च) स्थायी समिति या महानिदेशक द्वारा जिन मामलों को सलाह के लिए इसे संदर्भित किया जाए, उन मामलों पर निगम को सलाह देना।

क्षेत्रीय बोर्ड अपने किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए उपयुक्त उप-समितियाँ गठित कर सकता है और जहाँ आवश्यक हो वहाँ स्थानीय समितियों की सहायता या सलाह ले सकता है।

(15) (क) यदि निगम की राय में क्षेत्रीय बोर्ड इस विनियम के अंतर्गत उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का पालन करने में लगातार चूक करता है या अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करता है, तो निगम भारत के राजपत्र में अधिसूचना द्वारा क्षेत्रीय बोर्ड का अधिक्रमण कर सकता है।

(ख) क्षेत्रीय बोर्ड का अधिक्रमण करते हुए उपर्युक्त खंड (i) के अंतर्गत अधिसूचना के प्रकाशन पर क्षेत्रीय बोर्ड के सभी सदस्य ऐसे प्रकाशन की तिथि से अपने पदों को रिक्त कर चुके माने जाएंगे।

(ग) जब क्षेत्रीय बोर्ड का अधिक्रमण कर लिया जाएगा, तब निगम –

I) तुरंत इस विनियम के अनुसार एक नया क्षेत्रीय बोर्ड गठित करेगा; या

II) ऐसे अभिकरण को ऐसी अवधि के लिए नियुक्त करेगा, जिसे वह क्षेत्रीय बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने तथा उसके कार्यों का निष्पादन करने के लिए उपयुक्त समझे और ऐसा अभिकरण क्षेत्रीय बोर्ड की सभी शक्तियों का प्रयोग करने और उसके सभी कार्यों का निष्पादन करने हेतु सक्षम होगा।

10. स्थानीय समिति – (1) **स्थानीय समिति। –** (1) किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के ऐसे क्षेत्र के लिए, जिसे क्षेत्रीय निदेशक उपयुक्त समझे, निगम द्वारा क्षेत्रीय निदेशक के माध्यम से जारी आदेश द्वारा स्थानीय समिति गठित की जा सकेगी तथा उसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:–

(क) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा नामित एक अध्यक्ष;

(ख) राज्य सरकार द्वारा नामित राज्य का एक अधिकारी;

(ग) संबंधित क्षेत्र में योजना के प्रभारी प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी, पदेन, या उनके द्वारा नामित कोई अन्य चिकित्सा अधिकारी;

(घ) कर्मचारियों के छह प्रतिनिधि, जिनमें से (i) क्षेत्र के दो सबसे लंबे समय से अंशदान देने वाले कर्मचारी, (ii) क्षेत्र में कर्मचारियों के संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्मचारियों के दो प्रतिनिधि, तथा (iii) क.रा.बी.निगम में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रतिष्ठानों से दो कर्मचारी, जिन्हें राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा नामित किया जाएगा;

(ङ) नियोक्ताओं के छह प्रतिनिधि, जिनमें से (i) पिछले तीन वर्षों के दौरान सर्वाधिक राशि का अंशदान जमा करने वाले दो नियोक्ता, (ii) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम श्रेणी के क.रा.बी.निगम में पंजीकृत प्रतिष्ठानों से दो नियोक्ता और (iii) क्षेत्र के नियोक्ताओं/उद्योग संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले दो नियोक्ता, जिन्हें राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा नामित किया जाएगा;

(च) क्षेत्र में शाखा कार्यालय या औषधालय-सह-शाखा कार्यालय के वरिष्ठतम प्रबंधक, पदेन सदस्य सचिव के रूप में।

परंतु जहाँ अध्यक्ष, क्षेत्रीय बोर्ड ऐसा करना उपयुक्त समझे, तो वह नियोक्ताओं और कर्मचारियों के ऐसे अतिरिक्त प्रतिनिधियों को, प्रत्येक पक्ष से अधिकतम दो को नामित कर सकता है, ताकि राज्य सरकारों द्वारा किए गए नामांकन में छूटे हुए महत्वपूर्ण संगठनों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके तथा ऐसे नियोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या के बीच समानता बनाई रखी जा सके;

परंतु, जिस किसी क्षेत्र में पैनल प्रणाली के माध्यम से चिकित्सीय देखभाल प्रदान की जाती है, वहाँ स्थानीय समिति स्थानीय बीमा चिकित्सा व्यवसायियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को सह-नामित कर सकती है।

परंतु यह भी प्रावधान है कि लैंगिक प्रतिनिधित्व को समुचित महत्व दिया जाएगा।

(2) (क) उप विनियम (1) के खंड और के अंतर्गत नामित स्थानीय समिति के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जो उस तिथि से प्रारंभ होगा, जिस तिथि से उनके नामांकन की सूचना क्षेत्रीय निदेशक द्वारा अधिसूचित की जाती है, किंतु ये सदस्य, उक्त अवधि की समाप्ति के बावजूद, तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक उनके उत्तराधिकारी के नामांकन की अधिसूचना जारी नहीं कर दी जाती।

(ख) उप-विनियम (1) के खंड (क) और (ख) के अंतर्गत नामित स्थानीय समिति के सदस्य उन्हें नामित करने वाले प्राधिकारी के प्रसादपर्यंत अपने पद पर बने रहेंगे।

(3) स्थानीय समिति का सदस्य क्षेत्रीय निदेशक को लिखित सूचना देकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है और उसका पद त्यागपत्र स्वीकार किए जाने पर रिक्त हो जाएगा।

(4) (क) किसी स्थानीय समिति का सदस्य समिति का सदस्य नहीं रहेगा यदि वह समिति की लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहता है, परन्तु उसकी अनुपस्थिति के कारणों से संतुष्ट होने पर क्षेत्रीय निदेशक द्वारा उसकी सदस्यता पुनः बहाल की जा सकती है।

(ख) जहाँ क्षेत्रीय निदेशक की राय में, स्थानीय समिति में नियोक्ताओं या कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित कोई व्यक्ति, जो ऐसे नियोक्ताओं या कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करना बंद कर चुका है, वहाँ क्षेत्रीय निदेशक यह घोषणा कर सकता है कि ऐसा व्यक्ति उस तिथि से उसका सदस्य नहीं होगा, जिस तिथि से उन्होंने यह विनिर्दिष्ट कर दिया हो।

(5) समिति के सदस्यों को ऐसे शुल्क और भत्ते प्राप्त होंगे, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया गया हो।

(6) स्थानीय समिति प्रत्येक तीन महीने में एक बार बैठक करेगी। सचिव, अध्यक्ष के परामर्श से, प्रत्येक बैठक की तिथि, समय और स्थान निर्धारित करेगा तथा उसकी कार्यसूची भी तैयार करेगा। ऐसी बैठक के लिए सामान्यतः प्रत्येक सदस्य को कम-से-कम सात दिन पूर्व सूचना दी जाएगी। अध्यक्ष की अनुमति के बिना कार्यसूची में सम्मिलित विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय पर विचार नहीं किया जाएगा।

(7) समिति की किसी भी बैठक में कोई कार्य नहीं किया जाएगा, जब तक कि समिति के सदस्यों की कम-से-कम एक-तिहाई की गणपूर्ति न हो।

(8) स्थानीय समिति की बैठक में सभी मामलों का निर्णय बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले व्यक्तियों के बहुमत द्वारा किया जाएगा और मतों की समानता की स्थिति में, अध्यक्ष के पास निर्णायक मत या दूसरा मत होगा।

(9) स्थानीय समिति उस क्षेत्र के संबंध में, जिसके लिए उसका गठन किया गया है, निम्नलिखित कार्य करेगी, अर्थात् : –

(क) कर्मचारी राज्य बीमा योजना के संबंध में स्थानीय समस्याओं पर चर्चा करना ताकि सभी संबंधित पक्षों के पूर्ण सहयोग से उसका कुशल संचालन सुनिश्चित किया जा सके तथा सिफारिशें करना;

(ख) ऐसी शिकायतों को, जिन्हें वह आवश्यक समझे, संबंधित क्षेत्रीय निदेशक को संदर्भित करना; या चिकित्सा हितलाभ से संबंधित शिकायतों के मामले में, राज्य सरकार या राज्य सरकार के संबंधित प्राधिकारी को संदर्भित करना; और

(ग) निगम या संबंधित क्षेत्रीय बोर्ड को उन विषयों पर सलाह देना, जिन्हें सलाह के लिए उसके पास भेजा गया हो।

अध्याय II

कर्मचारी द्वारा घोषणा, बीमाकृत व्यक्ति कार्ड, अंशदान विवरणी, आदि

11. नियत दिन पर रोजगाररत व्यक्तियों द्वारा घोषणा – प्रत्येक नियोक्ता प्रत्येक कर्मचारी से यह अपेक्षा करेगा कि निर्दिष्ट पोर्टल पर उसके पंजीकरण के प्रयोजनार्थ अपेक्षित सही विवरण, अपने तथा अपने परिवार के छायाचित्र सहित, नियत दिन से पूर्व अथवा नियत दिन पर उपलब्ध कराए; तथा प्रत्येक कर्मचारी, माँग किए जाने पर, यह उपलब्ध कराएगा। ऐसा नियोक्ता, प्रपत्र-I (जिसे इसके बाद "घोषणा प्रपत्र" कहा जाएगा) में विवरण दर्ज करेगा तथा कर्मचारी के हस्ताक्षर अथवा अंगूठा चिह्न अथवा डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करेगा और साथ ही उसमें दर्शाए अनुसार प्रपत्र को भरेगा।

प्रत्येक नियोक्ता अपने यहां प्रत्येक कर्मचारी की सेवाकालीन अवधि के दौरान उसके घोषणा प्रपत्र को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में सुरक्षित रखेगा।

12. नियत दिन के बाद नियुक्त व्यक्तियों द्वारा घोषणा – प्रत्येक नियोक्ता, नियत दिन के बाद किसी भी व्यक्ति को रोजगार में लेने से पूर्व, ऐसे व्यक्ति से (जब तक कि वह इन विनियमों के अंतर्गत उसे जारी किया गया बीमाकृत व्यक्ति कार्ड या उसके स्थान पर कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत न कर सके) यह अपेक्षा करेगा कि वह निर्दिष्ट पोर्टल पर उसके पंजीकरण के उद्देश्य से आवश्यक सही विवरण, अपने तथा परिवार के छायाचित्र सहित प्रस्तुत करे और ऐसा व्यक्ति मांग किए जाने पर उक्त विवरण प्रस्तुत करेगा। ऐसा नियोक्ता प्रपत्र-I (जिसे इसके बाद "घोषणा प्रपत्र" कहा जाएगा) में विवरण दर्ज करेगा और ऐसे कर्मचारी के हस्ताक्षर अथवा अंगूठा चिह्न अथवा डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करेगा तथा प्रपत्र को उसमें दिए गए निर्देशानुसार भरेगा।

प्रत्येक नियोक्ता अपने यहां प्रत्येक कर्मचारी की सेवाकालीन अवधि के दौरान उसके घोषणा प्रपत्र को अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में सुरक्षित रखेगा।

13. निगम को नियोक्ताओं से सहायता प्राप्ति – नियोक्ता अपने प्रतिष्ठान के पंजीकरण तथा अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के पंजीकरण अथवा विवरणों को अद्यतन करने के संबंध में निगम द्वारा अपने अधिकारियों के माध्यम से अपेक्षित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

14. बीमाकृत व्यक्ति कार्ड – नियोक्ता निर्दिष्ट पोर्टल पर बीमाकृत व्यक्ति का पंजीकरण होने पर उसके लिए प्रपत्र 1क में एक बीमाकृत व्यक्ति कार्ड (आइपी कार्ड) इलेक्ट्रॉनिक रूप से सृजित करेगा, जिसमें बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य (सदस्यों) का विवरण सम्मिलित होगा।

15. परिवार में परिवर्तन – बीमाकृत व्यक्ति को संहिता के अंतर्गत परिभाषित परिवार की सदस्यता में हुए सभी परिवर्तनों की सूचना, परिवर्तन होने के तुरंत बाद, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा नियोक्ता को देनी होगी और नियोक्ता यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे परिवर्तनों को प्रपत्र 1ख में

निर्दिष्ट पोर्टल पर उपलब्ध बीमाकृत व्यक्ति के पंजीकरण विवरण में सम्मिलित किया जाए। बीमाकृत व्यक्ति भी उक्त विवरणों को स्वयं अद्यतन कर सकता है तथा उन्हें अभिलेख में शामिल किए जाने हेतु नियोक्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

प्रत्येक नियोक्ता प्रत्येक कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत घोषणा प्रपत्र में हुए परिवर्तनों की सूचनाओं को उस कर्मचारी के उसके यहाँ रोजगार के अंतिम दिन तक सुरक्षित रखेगा।

16. मासिक अंशदान विवरणी – प्रत्येक नियोक्ता अपने प्रतिष्ठान द्वारा अथवा अपने ठेकेदार के माध्यम से नियोजित उन सभी कर्मचारियों के संबंध में, जिनके लिए अंशदान देय है, माह की समाप्ति से पंद्रह दिनों के भीतर विनिर्दिष्ट पोर्टल पर प्रपत्र-2 में अंशदान का मासिक विवरण दाखिल करेगा;

परंतु यह भी प्रावधान है कि नियोक्ता किसी भी स्थिति में अंशदान अवधि की समाप्ति के 45 दिनों के भीतर उस अंशदान अवधि के सभी मासिक विवरण दाखिल करेगा;

परंतु आगे यह कि स्थापना के स्थायी रूप से बंद होने की स्थिति में, नियोक्ता ऐसे स्थायी रूप से बंद होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर सभी मासिक विवरणियां प्रस्तुत करेगा।

17. अंशदान प्रमाण-पत्र – कोई नियोक्ता, उपयुक्त कार्यालय द्वारा मांग किए जाने पर, बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में भुगतान किए गए या देय अंशदानों का प्रमाण-पत्र प्रपत्र 3 में जारी करेगा।

18. अंशदान भुगतान – संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत देय अंशदान, जब तक अन्यथा उपबंध न किया गया हो, निगम द्वारा विधिवत अधिकृत बैंक में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा किया जाएगा।

19. अंशदान भुगतान समय – कोई नियोक्ता, जो किसी कर्मचारी के संबंध में अंशदान का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है, वह उन अंशदानों का भुगतान उस कैलेंडर माह के अंतिम दिन से 15 दिनों के भीतर करेगा, जिसमें अंशदान देय होते हैं :

परंतु यह कि जहाँ कोई स्थापना स्थायी रूप से बंद हो जाती है, वहाँ नियोक्ता ऐसी स्थायी रूप से बंद होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर सभी अंशदानों का भुगतान करेगा।

20. अपीलीय प्राधिकारी – संहिता की धारा 126 के अंतर्गत अपीली प्राधिकारी अपर आयुक्त, क्षेत्रीय निदेशक, निदेशक और संयुक्त निदेशक होंगे।

21. देय अंशदान का समय पर भुगतान न करने पर ब्याज –

(1) विनियम 19 में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अंशदान का भुगतान करने में विफल रहने वाला नियोक्ता, अंशदान के भुगतान में चूक अथवा विलंब के प्रत्येक दिन के लिए संहिता की धारा 127 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित दर से साधारण ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) देय तिथि के पश्चात् भुगतान किए गए अंशदान पर देय कोई भी ब्याज, संहिता की धारा 129 से 132 में उपबंधित रीति से भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जाएगा।

22. देय अंशदानों, ब्याज अथवा अन्य किसी राशि का समय पर भुगतान न करने पर हर्जाना – (1) यदि कोई नियोक्ता विनियम 19 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अंशदान का भुगतान करने में अथवा संहिता के अंतर्गत देय किसी अन्य राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो महानिदेशक अथवा संहिता की धारा 128 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी, उप-विनियम (3) के अनुसार नियोक्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात्, विलंब के प्रत्येक माह के लिए बकाया राशि पर 1.0 प्रतिशत की दर से हर्जाना अधिरोपित कर सकता है।

(2) अधिरोपित कुल हर्जाना उस बकाया अंशदान की राशि से अधिक नहीं होगा, जिस पर यह अधिरोपित किया गया है। विनियम 21 के अंतर्गत देय ब्याज अलग से अधिरोपित किया जाएगा और इसे इस सीमा की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

(3) कोई भी हर्जाना तब तक अधिरोपित नहीं किया जाएगा, जब तक कि नियोक्ता को राशि, चूक की अवधि और उसके आधारों का उल्लेख करते हुए समुचित रूप से संसूचित लिखित नोटिस न दिया गया हो तथा उसे नोटिस में उल्लिखित समय के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान न किया गया हो, जो [पंद्रह] दिनों से कम नहीं होगा। हर्जाना अधिरोपित करने वाले आदेश में उसके कारणों का उल्लेख होगा तथा उसे नियोक्ता को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा संसूचित किया जाएगा।

(4) निगम केवल ऐसे प्रतिष्ठान के संबंध में अधिरोपित हर्जाने को कम कर सकता है अथवा माफ कर सकता है, जिसके लिए दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा ऐसे माफ किए जाने की सिफारिश करने वाली समाधान योजना अथवा पुनर्भुगतान योजना अनुमोदित की गई हो तथा यह संहिता की धारा 128 में यथाउपबंधित केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से विनिर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अंतर्गत होगा।

23. नियोक्ता को प्रतिदेय राशियों पर ब्याज – यदि कोई नियोक्ता संहिता की धारा 126 के अंतर्गत अपील में अंततः सफल होता है, तो अपीलीय प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार उसके द्वारा निगम के पास पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से जमा की गई राशि, नियोक्ता द्वारा जमा की गई राशि के क.रा.बी.निगम के खाते में जमा होने की तारीख से विनियम 21 में विनिर्दिष्ट समान दर पर साधारण ब्याज सहित उसे वापस कर दी जाएगी।

24. कर्मचारी पंजिका –

(1) प्रत्येक नियोक्ता अपने प्रतिष्ठान के प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में प्रपत्र-4 में एक रजिस्टर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा संधारित करेगा अथवा प्रपत्र-4 के माध्यम से अपेक्षित अभिलेखों/सूचनाओं को किसी अन्य तरीके/माध्यम से संधारित करेगा, जो सुगमता से उपलब्ध हो।

(1क) **ठेकेदार द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की पंजिका -** प्रत्येक ठेकेदार द्वारा नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी के संबंध में प्रपत्र 4 में इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा एक पंजिका का अनुरक्षण किया जाएगा और संहिता की धारा 31 की उप-धारा (6) के अंतर्गत देय राशि के निपटान से पूर्व नियोक्ता को प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रत्येक नियोक्ता इस विनियम के अंतर्गत बनाई गई प्रत्येक पंजिका को भरने के बाद, उसमें की गई अंतिम प्रविष्टि की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित करेगा।

(3) नियोक्ता प्रत्येक कर्मचारी को माह में कम से कम एक बार रजिस्टर में की गई उसकी व्यक्तिगत प्रविष्टियों का निरीक्षण करने का उचित अवसर प्रदान करेगा।

25. अंशदान के भुगतान की अन्य पद्धतियां - स्थायी समिति के निर्देशों के अधीन, महानिदेशक, यदि उचित समझें और ऐसी नियम एवं शर्तों के अधीन, जिन्हें अधिरोपित करना वे उचित समझें, किसी ऐसी व्यवस्था को अनुमोदित कर सकते हैं, जिसके अंतर्गत अंशदान का भुगतान इन विनियमों में विनिर्दिष्ट समय अथवा तरीके से भिन्न समय अथवा तरीके से किया जाए। ऐसी व्यवस्था में निगम को ऐसी फीस के भुगतान का प्रावधान भी शामिल हो सकता है, जिसे महानिदेशक निगम के अनुमानित अतिरिक्त व्ययों के प्रतिनिधित्व के रूप में निर्धारित करें तथा वे प्रतिभूति के रूप में ऐसी धनराशि जमा करने की अपेक्षा भी कर सकते हैं, जिसे वे निर्धारित करें।

26. मजदूरी अवधि के भाग के लिए रोजगार – जहाँ कोई कर्मचारी किसी नियोक्ता द्वारा किसी मजदूरी अवधि के एक भाग के लिए नियोजित किया जाता है, वहाँ उस मजदूरी अवधि के संबंध में अंशदान, उस मजदूरी अवधि में उस नियोक्ता के अंतर्गत रोजगार के अंतिम दिन देय होगा।

27. एक ही मजदूरी अवधि में दो या अधिक नियोक्ताओं द्वारा नियोजित कर्मचारी की मजदूरी की गणना – जहाँ कोई कर्मचारी किसी नियोक्ता द्वारा मजदूरी अवधि के केवल एक भाग के लिए नियोजित किया जाता है अथवा जहाँ कोई कर्मचारी एक मजदूरी अवधि में दो या अधिक नियोक्ताओं द्वारा नियोजित किया जाता है, वहाँ उस मजदूरी अवधि के लिए कर्मचारी की औसत दैनिक मजदूरी निर्धारित करने के प्रयोजनार्थ मजदूरी की गणना करते समय केवल उस दिन तक, जिस दिन अंशदान देय होता है, उस दिन सहित, देय मजदूरी को ही ध्यान में रखा जाएगा।

28. त्रुटिवश भुगतान किए गए अंशदान की प्रतिदेयता – लती से भुगतान किए गए अंशदान की वापसी – (1) किसी व्यक्ति द्वारा इस गलत धारणा के अंतर्गत भुगतान किया गया कोई भी अंशदान कि संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत उसके द्वारा अंशदान देय था, निगम द्वारा उस व्यक्ति को बिना ब्याज के वापस किया जा सकेगा, यदि इस आशय का आवेदन लाभ अवधि प्रारंभ होने से पूर्व लिखित रूप में (इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा) किया जाता है।

(2) जहाँ किसी व्यक्ति द्वारा अंशदान का भुगतान उस दर से अधिक दर पर किया गया है, जिस दर पर वह देय था, वहाँ इस प्रकार भुगतान की गई अतिरिक्त राशि निगम द्वारा उस व्यक्ति को बिना ब्याज के वापस की जा सकती है, परंतु इस आशय का आवेदन उस अंशदान अवधि से तदनुरूपी हितलाभ अवधि के शुरू होने से पहले किया गया हो, जिसमें ऐसे अंशदान का भुगतान किया गया था।

(3) इस विनियम के अंतर्गत की जाने वाली किसी भी वापसी की राशि की गणना करते समय, त्रुटिवश भुगतान किए गए अंशदान के आधार पर और जिसकी वापसी के लिए आवेदन किया गया है, हितलाभ के रूप में किसी व्यक्ति को भुगतान की गई राशि, यदि कोई हो, तो उसकी कटौती की जा सकता है।

(4) जहाँ उप-विनियम (1) और (2) में संदर्भित किसी अंशदान की पूरी या आंशिक राशि नियोक्ता द्वारा किसी ठेकेदार से वसूल की गई थी या किसी कर्मचारी की मजदूरी से काटी गई थी, वहाँ नियोक्ता निगम से उस राशि की वापसी प्राप्त होने पर, इस प्रकार वसूल की गई या काटी गई राशि को उस व्यक्ति को वापस भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा, जिससे वह राशि वसूल की गई या काटी गई थी।

(5) इस विनियम के अंतर्गत धन वापसी के लिए आवेदन ऐसे प्रपत्र में और ऐसे तरीके से किए जाएंगे तथा उनके साथ ऐसे दस्तावेज संलग्न होने चाहिए, जो कि महानिदेशक द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए हों।

अध्याय 3

हितलाभ

29. हितलाभों के लिए दावा – संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत देय किसी भी हितलाभ के लिए प्रत्येक दावा इन विनियमों के अनुसार, संबंधित शाखा कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा, उस हितलाभ के प्रयोजनार्थ उपयुक्त प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके लिए दावा किया गया है अथवा ऐसे किसी अन्य तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे संबंधित कार्यालय किसी विशेष मामले अथवा मामलों के वर्ग की परिस्थितियों में पर्याप्त समझते हुए स्वीकार कर सके, बशर्ते कि वह इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा अन्यथा हो। ऐसे बीमाकृत व्यक्तियों को, जो स्वयं दावा प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं, दावा प्रस्तुत करने हेतु प्रपत्र भरने में सहायता, निगम के कार्यालयों द्वारा समय-समय

पर सामान्य अनुदेशों के माध्यम से विनिर्दिष्ट स्थानों पर और विनिर्दिष्ट तरीके से प्रदान की जाएगी। किसी भी हितलाभ के लिए किए गए दावे की पावती इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा दी जाएगी।

परंतु यह प्रावधान है कि स्थायी अपंगता हितलाभ और आश्रित हितलाभ के मामले में, दावा केवल प्रथम भुगतान के लिए ही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा प्रस्तुत करना आवश्यक होगा तथा इसके बाद की आवधिक भुगतानों के लिए कोई दावा प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं होगा।

परंतु यह भी प्रावधान है कि दावा की एक पृथक श्रेणी होगी, जिसे माने गए दावे के रूप में जाना जाएगा तथा इसे विनियम 29-क, 29-ख और 29-ग के अनुसार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से विनियमित एवं भुगतान किया जाएगा।

29क. माने गए दावे –

(1) बीमारी हितलाभ और प्रसूति हितलाभ का भुगतान बीमाकृत व्यक्ति को लाभार्थी द्वारा कोई दावा किए बिना प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से किया जाएगा तथा दावा निगम के समक्ष प्रस्तुत किया हुआ माना जाएगा, जहाँ–

(क) निगम की सूचना प्रणाली के माध्यम से चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो; और

(ख) नियोक्ता ने विनियम 38 के अंतर्गत नियोक्ता पोर्टल के माध्यम से संबंधित अवधि के लिए प्रपत्र 8ख में विवरणी प्रस्तुत कर दी हो; और

(ग) बीमाकृत व्यक्ति का आधार-सक्षम बैंक खाता हो तथा बीमा संख्या आधार से जुड़ी हो।

29ख. नियोजन संबंधी चोट से संबंधित दावा –

(1) जहाँ चोट को नियोजन संबंधी चोट के रूप में स्वीकार कर लिया गया है, वहाँ नियोक्ता की रिपोर्ट को उस चोट से उत्पन्न अस्थायी अपंगता हितलाभ, स्थायी अपंगता हितलाभ और आश्रित हितलाभ के लिए दावा माना जाएगा तथा इनमें से किसी भी हितलाभ के लिए अलग से कोई दावा प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं होगा।

(2) अस्थायी अपंगता के लिए अपंगता हितलाभ का भुगतान बीमाकृत व्यक्ति को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से, प्रत्येक उस अवधि के लिए किया जाएगा, जिसके लिए वह देय है, बशर्ते कि विनियम 29क के उप-विनियम (1) के खंड (क), (ख) और (ग) में निर्धारित शर्तें पूरी होती हों।

(3) स्थायी अपंगता हितलाभ का भुगतान बीमाकृत व्यक्ति को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से उस तारीख से किया जाएगा, जिस तारीख से वह देय है, जब चिकित्सा बोर्ड, चिकित्सा अपील

अधिकरण अथवा कर्मचारी बीमा न्यायालय द्वारा अर्जन क्षमता की हानि को स्थायी अपंगता के रूप में निर्धारित कर दिया गया हो तथा विनियम 29क के उप-विनियम (1) के खंड (ग) में निर्धारित शर्त पूरी होती हो।

(4) आश्रित हितलाभ का भुगतान आश्रितों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से उस तारीख से किया जाएगा, जिस तारीख से वह देय है, जहाँ–

(क) विनियम 78 के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति का नामांकन अभिलेख में उपलब्ध हो तथा अभिलेख में उपलब्ध परिवार के विवरण से आश्रित की पहचान संहिता और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार हितलाभ प्राप्त करने के पात्र व्यक्ति के रूप में होती हो;

(ख) आश्रित ने एक बार अपना आधार नंबर तथा अपनी पहचान और पात्रता स्थापित करने के लिए आवश्यक विवरण और दस्तावेज, इन विनियमों के अंतर्गत संबंधित हितलाभ के लिए उपयुक्त प्रपत्र में प्रस्तुत कर दिए हों, यदि ये विवरण पहले से ही क.रा.बी.निगम की सूचना प्रणाली में स्वीकृत नामांकन में उपलब्ध न हों; और

(ग) आश्रित का आधार नंबर उसके बैंक खाते और मोबाइल नंबर से जुड़ा हो।

(6) जहाँ शाखा प्रबंधक अथवा क्षेत्रीय निदेशक चोट को नियोजन संबंधी चोट के रूप में स्वीकार नहीं करता है, वहाँ अस्वीकृति के कारण लिखित रूप में अभिलिखित किए जाएंगे और बीमाकृत व्यक्ति अथवा आश्रितों को संसूचित किए जाएंगे, जो यथास्थिति विनियम 29, 65 अथवा 70 के अंतर्गत दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

29ग. विनियम 29क और 29ख के लिए सामान्य उपबंध –

जहाँ कोई बीमाकृत व्यक्ति एक ही अवधि के लिए एक से अधिक हितलाभ प्राप्त करने का पात्र है, वहाँ निगम उसके द्वारा चुने गए हितलाभ का भुगतान करेगा, जिसे वह भुगतान किए जाने से पूर्व बदल सकता है तथा जहाँ उसने किसी हितलाभ का चयन नहीं किया है, वहाँ संहिता की धारा 41 की उपधारा (5) में यथाउपबंधित उच्चतर दैनिक दर वाले हितलाभ का भुगतान किया जाएगा।

जहाँ विनियम 29क अथवा 29ख में निर्धारित कोई शर्त पूरी नहीं होती है, जिसमें ऐसा मामला भी शामिल है जहाँ चिकित्सा प्रमाण-पत्र निगम की सूचना प्रणाली के बाहर जारी किया गया हो, वहाँ यथास्थिति विनियम 29, 65 अथवा 70 के अंतर्गत दावा प्रस्तुत किए जाने पर तथा जहाँ आवश्यक हो, विनियम 38 के उप-विनियम (1) अथवा (2) के अंतर्गत सत्यापन किए जाने पर हितलाभ का भुगतान किया जाएगा।

परंतु यह भी प्रावधान है कि बीमाकृत व्यक्ति अथवा आश्रित किसी भी स्थिति में हितलाभ के लिए उपयुक्त प्रपत्र में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा दावा प्रस्तुत कर सकता है तथा ऐसे प्रत्येक दावे पर विनियम 31 से 35 लागू होंगे।

परंतु यह भी प्रावधान है कि केवल नियोक्ता द्वारा विवरणी प्रस्तुत न किए जाने अथवा नियत तिथि तक सत्यापन न किए जाने के कारण किसी हितलाभ को रोका नहीं जाएगा तथा ऐसे मामले में संबंधित कार्यालय विनियम 38 के उप-विनियम (1) अथवा (2) के अंतर्गत सत्यापन प्राप्त करने के लिए अनुरोध करेगा।

परंतु यह भी प्रावधान है कि विनियम 29क अथवा 29ख के अंतर्गत देय हितलाभ का भुगतान निगम की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से बीमाकृत व्यक्ति अथवा आश्रित के बैंक खाते में जमा करके किया जाएगा तथा जहाँ तकनीकी विफलता, बैंक खाते की अनुपलब्धता अथवा अस्वीकृति या किसी अन्य विशेष परिस्थिति के कारण ऐसा भुगतान नहीं किया जा सकता है, वहाँ संबंधित कार्यालय लिखित रूप में कारण अभिलिखित करते हुए किसी अन्य माध्यम से शाखा कार्यालय में भुगतान कर सकता है।

परंतु यह भी प्रावधान है कि विनियम 29क और 29ख के अंतर्गत दावों का प्रशासन उस तारीख से प्रभावी होगा, जिसे महानिदेशक आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करें।

29घ. अंत्येष्टि व्यय के लिए दावा – अंत्येष्टि व्यय के लिए दावा, हितलाभ हेतु उपयुक्त प्रपत्र में, बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के तीन महीने के भीतर अथवा ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी अनुमति निगम अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी, संहिता की धारा 32 की उपधारा (1) के खंड (च) के परंतुक में यथाउपबंधित अनुसार प्रदान कर सकता है।

30. दावा कब देय होगा – संहिता के अंतर्गत किसी भी हितलाभ के लिए दावा, संहिता की धारा 51 को विनियम 119 के साथ पढ़े जाने पर, विनियम 119 के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित दिनों को देय होगा: –

(क) बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ के मामले में, किसी भी अवधि के लिए संबन्धित अवधि हेतु विनियम प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि को; परंतु यह कि जिन मामलों में कोई व्यक्ति बीमारी के प्रथम दो दिनों के लिए बीमारी हितलाभ का हकदार नहीं है, वहां देय तिथि को उतने दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाएगा;

(ख) मातृत्व हितलाभ के लिए :–

(i) प्रसव के मामले में, इन विनियमों के अनुसार प्रसव की संभावित तारीख के प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की तारीख को अथवा प्रमाणित प्रसव की संभावित तारीख से आठ सप्ताह पूर्व (या जहाँ उसके दो या अधिक जीवित बच्चे हैं, वहाँ छह सप्ताह पूर्व) के दिन, इनमें से जो भी बाद में हो, अथवा यदि ऐसा कोई प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है, तो प्रसव की तारीख को; और

(ii) गर्भस्राव के मामले में और गर्भावस्था, प्रसूति, बच्चे के समयपूर्व जन्म या गर्भस्राव के कारण होने वाली बीमारी के मामले में, ऐसे गर्भस्राव या बीमारी, जो भी मामला हो, के लिए चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी होने की तारीख को।

(ग) स्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ के प्रथम भुगतान हेतु, उस तिथि को जिस दिन किसी बीमाकृत व्यक्ति को संहिता के अध्याय 4 और इन विनियमों के अनुसार स्थायी रूप से निःशक्त घोषित किया जाता है;

(घ) आश्रितजन हितलाभ के प्रथम भुगतान के लिए, उस बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि को जिसकी मृत्यु के संबंध में उक्त हितलाभ का दावा उत्पन्न होता है, अथवा जहाँ उस तिथि के लिए निःशक्तता हितलाभ मृत्यु पश्चात देय था, वहाँ मृत्यु की तिथि के अगले दिन को, या जहाँ लाभार्थी किसी आगामी तिथि को दावे का हकदार बनता है, वहाँ उस तिथि को जिस दिन वह इस प्रकार हकदार बनता/बनती है;

(ङ) स्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ तथा आश्रितजन हितलाभ के बाद के भुगतानों के लिए, उस माह के अंतिम दिन को जिससे वह दावा संबंधित है; तथा

(च) अंत्येष्टि व्यय के लिए, उस बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि को जिसके संबंध में उक्त हितलाभ का दावा उत्पन्न होता है।

31. दावा प्रपत्रों की उपलब्धता – दावा प्रपत्र इच्छुक दावेदारों को निगम के ऐसे व्यक्तियों और कार्यालयों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें निगम द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त या अधिकृत किया गया हो।

32. गलत प्रपत्र पर दावा – जहाँ किसी हितलाभ के लिए कोई दावा इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा दावा किए गए हितलाभ के निर्धारित प्रपत्र के बजाय किसी गैर-अनुमोदित प्रपत्र पर किया गया है, वहाँ निगम उस दावे को इस प्रकार ग्रहण सकता है, जैसे कि वह संबन्धित प्रपत्र पर ही किया गया हो :

परंतु यह कि निगम ऐसे किसी भी मामले में दावेदार से उपयुक्त प्रपत्र भरने की अपेक्षा कर सकता है।

33. दावे के समर्थन में साक्ष्य – प्रत्येक व्यक्ति, जो किसी हितलाभ के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा दावा करता है, वह इन विनियमों के अंतर्गत विशेष रूप से आवश्यक चिकित्सा प्रमाण-पत्र और अन्य प्रपत्रों के अतिरिक्त, ऐसा अन्य विवरण और साक्ष्य प्रस्तुत करेगा, जो संबन्धित कार्यालय द्वारा दावे के निस्तारण हेतु आवश्यक समझे जाएं, और यदि उचित रूप से अपेक्षित हो, तो वह उस उद्देश्य के लिए संबन्धित कार्यालय या स्थान पर उपस्थित होगा, जैसा कि संबन्धित कार्यालय निर्देशित करें।

34. त्रुटिपूर्ण दावा – यदि विधिवत हस्ताक्षर या उचित प्रमाणीकरण के अभाव में, इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा किया गया कोई दावा उसकी प्राप्ति तिथि को त्रुटिपूर्ण पाया जाता है, तो निगम का कार्यालय अपने विवेक से उस दावे को दावेदार के पास वापस भेज सकता है; और यदि वह प्रपत्र उस तिथि से तीन महीने के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा विधिवत हस्ताक्षरित तथा/अथवा प्रमाणित कर पुनः कार्यालय में प्रस्तुत किया जाता है, तो कार्यालय उस दावे को इस प्रकार ग्रहण कर सकता है, जैसे कि वह प्रारम्भ में ही विधिवत प्रस्तुत किया गया था।

35. अनुपयुक्त हितलाभ हेतु दावा – जहाँ यह प्रतीत होता है कि कोई व्यक्ति, जिसने संहिता के अध्याय 4 के अंतर्गत देय किसी हितलाभ के लिए दावा किया है, वह उस हितलाभ की अपेक्षा किसी अन्य हितलाभ का हकदार हो सकता है, जिसकी उसने मांग की है, तो ऐसे किसी भी दावे को उस अन्य हितलाभ के लिए एक वैकल्पिक दावे के रूप में माना जा सकता है।

36. दावेदारों की पात्रता प्रमाणित करने वाला प्राधिकारी – बीमारी, मातृत्व, अस्थायी निःशक्तता हितलाभ और अंत्येष्टि व्यय के संबंध में दावेदारों की पात्रता को प्रमाणित करने वाला प्राधिकरण, संबन्धित शाखा कार्यालय या संबन्धित औषधालय-सह-शाखा कार्यालय होगा, तथा स्थायी निःशक्तता और आश्रितजन हितलाभों के संबंध में संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय होगा।

37. हितलाभ कब देय होते हैं – (1) संहिता के अध्याय 4 के अंतर्गत देय प्रत्येक हितलाभ का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा –

(क) बीमारी हितलाभ के मामले में, 7 दिनों के भीतर;

(ख) अंत्येष्टि व्यय के मामले में, 15 दिनों के भीतर;

(ग) मातृत्व हितलाभ के संबंध में प्रथम भुगतान के मामले में 14 दिनों के भीतर;

(घ) अस्थायी निःशक्तता हितलाभ के संबंध में प्रथम भुगतान के मामले में, एक महीने के भीतर;

(ङ) स्थायी निःशक्तता हितलाभ के संबंध में प्रथम भुगतान के मामले में, एक माह के भीतर;

(च) आश्रितजन हितलाभ के संबंध में प्रथम भुगतान के मामले में, तीन माह के भीतर

शर्त यह होगी कि उपर्युक्त के लिए दावा प्रासंगिक चिकित्सा या अन्य प्रमाणपत्रों तथा उन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा, सभी विवरणों के साथ पूर्ण रूप से संबन्धित कार्यालय को प्रस्तुत कर दिया गया हो।

(2) किसी भी मातृत्व, अस्थायी निःशक्तता, स्थायी निःशक्तता या आश्रितजन हितलाभ के संबंध में द्वितीय एवं आगामी भुगतानों का भुगतान, उसके संबंध में प्रथम भुगतान के साथ किया जाएगा, या उस कैलेंडर महीने के भीतर किया जाएगा, जो उस महीने के ठीक बाद आता है, जिससे वे पूर्ण या आंशिक रूप से संबंधित हैं, जो भी बाद में हो, परंतु ऐसा कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा प्रस्तुत किया गया हो, जो इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित हो।

(3) जहाँ किसी हितलाभ का भुगतान उपर्युक्त उप-विनियमों (1) और (2) में निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर नहीं किया जाता है, तो इसकी सूचना संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय को दी जाएगी और इसका भुगतान यथाशीघ्र किया जाएगा।

(4) संहिता के अध्याय 4 के अंतर्गत हितलाभों का भुगतान महानिदेशक या निगम के किसी ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा, जिसे उसके द्वारा समय-समय पर इस संबंध में अधिकृत किया जाए, तय किए गए दिनों और कार्य घंटों के दौरान, अथवा दावेदार के विकल्प पर, शाखा कार्यालय, औषधालय-सह-शाखा कार्यालय, या निगम के किसी ऐसे अन्य कार्यालय द्वारा, जिसे महानिदेशक द्वारा तय किया जाए, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से यथास्थिति बीमाकृत व्यक्ति या लाभार्थियों के बैंक खाते में किया जाएगा;

परंतु यह कि असाधारण परिस्थितियों में, महानिदेशक पूरे देश या देश के किसी हिस्से के संबंध में बीमाकृत व्यक्तियों या लाभार्थियों को किसी अन्य माध्यम से हितलाभों के भुगतान की अनुमति दे सकते हैं।

(5) जहाँ किसी हितलाभ का भुगतान किसी शाखा कार्यालय, औषधालय-सह-शाखा कार्यालय, या किसी अन्य कार्यालय द्वारा किया जाना है, तो ऐसा कार्यालय बीमाकृत व्यक्ति या लाभार्थी के संबंध में बैंक खाते के विवरण, बीमाकृत व्यक्ति कार्ड, या उसके बदले में जारी किए गए अन्य दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का आग्रह कर सकता है।

38. काम से अनुपस्थिति का सत्यापन – (1) प्रत्येक नियोक्ता, किसी बीमाकृत व्यक्ति की काम से ऐसी अनुपस्थिति के संबंध में, जिसके लिए संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत यथाउपबंधित बीमारी हितलाभ अथवा अस्थायी अपंगता के लिए अपंगता हितलाभ का दावा किया गया है अथवा भुगतान किया गया है, संबंधित कार्यालय को प्रपत्र 8 में ऐसी सूचना और विवरण यथाशीघ्र अथवा मामले-दर-मामले आधार पर दिए गए निर्देशों के अनुसार, ऐसी अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगा, जिसे उक्त कार्यालय लिखित रूप में, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा नियोक्ता पोर्टल के माध्यम से विनिर्दिष्ट करे।

(2) प्रत्येक नियोक्ता संबन्धित कार्यालय को, किसी बीमाकृत महिला के कार्य से अनुपस्थित रहने के संबंध में जिसके लिए संहिता के अध्याय 4 के अंतर्गत यथाप्रदत्त मातृत्व हितलाभ का दावा किया गया है या भुगतान किया जा चुका है ऐसी जानकारी और विवरण प्रपत्र 8 में और ऐसे समय के भीतर प्रस्तुत करेगा, जो उक्त कार्यालय लिखित रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में उक्त प्रपत्र में मांग करे।

(5) इन विनियमों के किसी अन्य उपबंध के अंतर्गत अपेक्षित विवरणियों के अतिरिक्त, प्रत्येक नियोक्ता नियोक्ता पोर्टल के माध्यम से निगम को प्रपत्र 8ख में ऐसी अवधि पर, जिसे वह चुन

सकता है, किंतु प्रत्येक माह में कम से कम एक बार, एक विवरणी प्रस्तुत करेगा, जिसमें उसके द्वारा नियोजित प्रत्येक ऐसे बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में, जिसे इन विनियमों के अंतर्गत कार्य करने में असमर्थ प्रमाणित किया गया है अथवा जिसके लिए संहिता की धारा 32 की उपधारा (1) के खंड (क), (ख) अथवा (ग) के अंतर्गत किसी हितलाभ का दावा किया गया है अथवा भुगतान किया गया है, विवरणी में शामिल अवधि के लिए उस प्रपत्र में अपेक्षित विवरण दिए जाएंगे; और जहाँ ऐसा कोई बीमाकृत व्यक्ति नहीं है, वहाँ शून्य विवरणी प्रस्तुत की जाएगी। इस प्रकार प्रस्तुत विवरणी, उसमें शामिल अवधि के लिए उप-विनियम (1) और (2) के अंतर्गत सत्यापन के स्थान पर होगी।

(6) विवरण में ऐसे प्रत्येक दिन के लिए यह उल्लेख किया जाएगा कि बीमाकृत व्यक्ति ने कार्य किया, अवकाश पर था अथवा ऐसी छुट्टी पर था जिसके लिए उसे मजदूरी प्राप्त हुई, या वह हड़ताल पर था। इसमें संहिता की धारा 41 की उपधारा (2) के प्रयोजनों के लिए प्रपत्र में अपेक्षित अन्य विवरण भी दिए जाएंगे तथा नियोक्ता अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसे सत्य एवं पूर्ण प्रमाणित किया जाएगा।

(7) संबंधित कार्यालय किसी भी मामले में अतिरिक्त सूचना अथवा विवरण मांग सकता है और नियोक्ता उन्हें यथाशीघ्र तथा प्रत्येक स्थिति में अनुरोध में विनिर्दिष्ट उचित अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगा।

(8) संहिता की धारा 32 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय और अन्य हितलाभों के प्रयोजनों के लिए, नियोक्ता बीमाकृत व्यक्ति के नियोजन से संबंधित ऐसी सूचना और विवरण संबंधित कार्यालय को उसी तरीके और अवधि के भीतर प्रस्तुत करेगा, जिसकी उससे अपेक्षा की जाए।

39. बीमारी और अस्थायी निःशक्तता साक्ष्य – प्रत्येक बीमाकृत व्यक्ति, जो बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ का दावा कर रहा है, अपनी बीमारी या अस्थायी निःशक्तता के दिनों के संबंध में बीमारी या अस्थायी निःशक्तता का साक्ष्य बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा इन विनियमों के अनुसार मामले की परिस्थितियों के अनुरूप प्रपत्र में दिए गए चिकित्सा प्रमाण-पत्र के माध्यम से प्रस्तुत करेगा;

परंतु यह कि जिन क्षेत्रों में संहिता के अध्याय 4 के अंतर्गत चिकित्सा हितलाभ की व्यवस्था नहीं की गई हैं, या अन्यथा यदि निगम की राय में किसी विशेष मामले की परिस्थितियाँ ऐसा न्यायोचित ठहराती हैं, तो निगम बीमारी या अस्थायी निःशक्तता के किसी अन्य साक्ष्य को स्वीकार कर सकता है; यह साक्ष्य राज्य सरकार, स्थानीय निकाय या अन्य चिकित्सा संस्था के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के रूप में, अथवा किसी पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा जारी किए गए ऐसे प्रमाण-पत्र के रूप में हो सकता है, जिसमें ऐसे विवरण सम्मिलित हों और जो इस प्रकार प्रमाणित किया गया हो जैसा कि महानिदेशक द्वारा इस संबंध में निर्दिष्ट किया जाए।

40. चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए सक्षम व्यक्ति – इन विनियमों के अंतर्गत कोई भी चिकित्सा प्रमाण-पत्र केवल उसी बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा, जिसे वह बीमाकृत व्यक्ति आवंटित किया गया है, या किसी ऐसे औषधालय, अस्पताल, क्लिनिक या अन्य संस्था से संबद्ध बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा, जहां वह बीमाकृत व्यक्ति आवंटित है; और ऐसा बीमा चिकित्सा अधिकारी उस बीमाकृत व्यक्ति की जांच करेगा और यदि उसकी राय में बीमाकृत व्यक्ति की स्थिति न्यायोचित है, तो वह उस बीमाकृत व्यक्ति को निःशुल्क ऐसा कोई भी चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी करेगा, जो संहिता के अध्याय 4 अथवा तत्संबंधी अन्य अधिनियम या इन विनियमों के प्रयोजनों के अंतर्गत उस बीमाकृत व्यक्ति द्वारा उचित रूप से आवश्यक हो :

परंतु यह कि कोई बीमा चिकित्सा अधिकारी इन विनियमों के अंतर्गत ऐसे बीमाकृत व्यक्ति को भी चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है, जो उसे या उस औषधालय, अस्पताल, क्लिनिक या अन्य संस्था को आवंटित नहीं है, जिससे वह अधिकारी संबद्ध है। यदि ऐसा अधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि किसी विशेष मामले की परिस्थितियों में बीमाकृत व्यक्ति से उचित रूप से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह उस बीमा चिकित्सा अधिकारी या औषधालय, अस्पताल, क्लिनिक या अन्य संस्था से चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करे, जिसे वह बीमाकृत व्यक्ति आवंटित किया गया है। ऐसा प्रमाण-पत्र भी निःशुल्क जारी किया जाएगा :

परंतु यह भी कि किसी बीमाकृत व्यक्ति को तब तक चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रदान नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह बीमा चिकित्सा अधिकारी के समक्ष अपना बीमाकृत व्यक्ति कार्ड अथवा महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है।

41. चिकित्सा प्रमाण-पत्र – चिकित्सा प्रमाण-पत्र का उपयुक्त प्रपत्र बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, जैसा कि महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, भरा जाएगा और उसमें उस बीमारी या निःशक्तता का एक संक्षिप्त विवरण सम्मिलित होगा, जो बीमा चिकित्सा अधिकारी की राय में, चिकित्सा आधार पर कार्य से अनुपस्थित रहने को आवश्यक बनाती है या उस व्यक्ति को अस्थायी रूप से कार्य करने के लिए अक्षम बनाती है। चिकित्सा प्रमाण-पत्र में बीमारी या निःशक्तता का विवरण व उसकी प्रकृति चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण के समय बीमाकृत व्यक्ति की स्थिति के बारे में उसके ज्ञान के अनुसार यथासंभव सटीक रूप से विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

42. चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रदान करने का समय – (1) बीमा चिकित्सा अधिकारी बीमाकृत व्यक्ति को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा उसी परीक्षण के समय चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी करेगा, जिससे वह संबंधित है; यदि वह ऐसा करने में असमर्थ रहता है, तो उसके बाद चौबीस घंटे के भीतर बीमाकृत व्यक्ति को प्रमाण-पत्र जारी करेगा।

(2) उसी परीक्षण से संबंधित कोई अन्य चिकित्सा प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाएगा, सिवाय इसके कि जहाँ ऐसे प्रमाण-पत्र की अनुलिपि प्रति आवश्यक हो। ऐसी स्थिति में इसे निःशुल्क जारी किया जाएगा और उस पर स्पष्ट रूप से "अनुलिपि" लिखा जाएगा।

43. प्रथम परीक्षण पर चिकित्सा प्रमाण-पत्र - जब परीक्षण बीमारी की किसी अवधि या अस्थायी निःशक्तता की अवधि के संबंध में प्रथम परीक्षण हो, तो चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रथम प्रमाण-पत्र के रूप में प्रपत्र 5 में होगा और यह केवल परीक्षण की तिथि के संबंध में ही होगा।

परंतु यह कि जहाँ कोई बीमाकृत व्यक्ति, जिसे परीक्षण के दिन कार्य से अनुपस्थित रहने की आवश्यकता है, यह कहता है कि वह अपने प्रथम परीक्षण की तिथि से एक दिन पूर्व वास्तव में बीमार या अस्थायी रूप से निःशक्त था, वहाँ यदि बीमा चिकित्सा अधिकारी इस कथन की सत्यता के संबंध में संतुष्ट हो जाता है कि बीमाकृत व्यक्ति अपने नियंत्रण से परे कारणों से चिकित्सा परीक्षण के लिए इससे पूर्व उपस्थित होने में असमर्थ था, तो वह परीक्षण की तिथि से ठीक पूर्ववर्ती तिथि के लिए कार्य के लिए अक्षमता प्रमाणित कर सकता है :

परंतु यह भी कि जहाँ बीमा चिकित्सा अधिकारी की राय में, बीमाकृत व्यक्ति के परीक्षण की तिथि के बाद अधिकतम तीसरे दिन से किसी तिथि को कार्य पर लौटने के योग्य हो जाने की संभावना हो, वहाँ प्रथम प्रमाण-पत्र संपूर्ण बीमारी या अस्थायी निःशक्तता की अवधि के संबंध में जारी किया जा सकता है, और ऐसी स्थिति में, इसमें उस तिथि का उल्लेख किया जाएगा, जिस दिन बीमा चिकित्सा अधिकारी की राय में बीमाकृत व्यक्ति कार्य पर लौटने के योग्य हो जाएगा; ऐसा प्रमाण-पत्र, इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, अंतिम प्रमाण-पत्र भी माना जाएगा।

44. अंतिम चिकित्सा प्रमाण-पत्र – यदि उस परीक्षण की तिथि को, जिससे प्रथम प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त कोई अन्य चिकित्सा प्रमाण-पत्र संबंधित है, बीमा चिकित्सा अधिकारी की राय में बीमाकृत व्यक्ति कार्य पर लौटने के योग्य है, या उस तिथि के बाद अधिकतम तीसरे दिन तक किसी तिथि को कार्य पर लौटने के योग्य हो जाएगा, तो वह प्रमाण-पत्र 'प्रपत्र 5' अंतिम प्रमाण-पत्र होगा।

45. मध्यवर्ती प्रमाण-पत्र – यदि प्रथम प्रमाण-पत्र की तिथि से सात दिनों के भीतर अंतिम प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो बीमाकृत व्यक्ति, उन मामलों को छोड़कर, जो विनियम 47 के अंतर्गत आते हैं, प्रथम प्रमाण-पत्र की तिथि से प्रारंभ करते हुए, अधिकतम सात-सात दिनों के अंतराल पर प्रपत्र 5 में मध्यवर्ती प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा।

46. मजदूरी हेतु कार्य प्रारंभ करने से पूर्व अंतिम चिकित्सा प्रमाण-पत्र – प्रत्येक बीमाकृत व्यक्ति, वेतन के लिए कोई भी कार्य शुरू करने से पूर्व, प्रपत्र 5 में अंतिम प्रमाण-पत्र के रूप में एक चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्राप्त करेगा।

47. दीर्घतर अवधि हेतु मध्यवर्ती प्रमाण-पत्र – जब अस्थायी निःशक्तता या बीमारी कम-से-कम अट्ठाईस दिनों तक जारी रही हो और बीमा चिकित्सा अधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसी

निःशक्तता या बीमारी के लंबी अवधि तक जारी रहने की संभावना है तथा निःशक्तता या बीमारी की प्रकृति के कारण, एक सप्ताह से अधिक के अंतराल पर परीक्षण और उपचार पर्याप्त होगा, व्यक्ति, जब तक कि संबन्धित कार्यालय द्वारा अन्यथा निर्देशित न किया गया हो, बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा जारी किए गए प्रारूप 6 में विशेष मध्यवर्ती प्रमाणपत्रों के रूप में ऐसी दीर्घतर अवधियों के अंतराल पर, जो चार सप्ताह से अधिक न हों, चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

48. बीमारी या अस्थायी निःशक्तता हेतु दावे का प्रपत्र – बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ का दावा करने का इरादा रखने वाला बीमाकृत व्यक्ति, संबन्धित शाखा कार्यालय को प्रपत्र 7 में हितलाभ के लिए एक दावा, उचित चिकित्सा प्रमाणपत्रों के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा प्रस्तुत करेगा :

परंतु यह कि जहाँ एक से अधिक प्रमाणपत्रों के संबंध में प्रपत्र 7 में केवल एक ही दावा प्रस्तुत किया जाता है, वहाँ ऐसा प्रपत्र 7 उन सभी प्रमाणपत्रों के लिए उपयुक्त माना जाएगा।

49. चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में विफलता – यदि कोई व्यक्ति, जो बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ का दावा करना चाहता है, इस तरह के प्रमाण-पत्र के जारी होने की तिथि से 3 दिनों की अवधि के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप में या उससे भिन्न किसी अन्य रूप में जारी किया गया प्रथम चिकित्सा प्रमाण-पत्र या कोई भी अनुवर्ती चिकित्सा प्रमाण-पत्र, संबन्धित शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह किसी भी अवधि के संबंध में उस हितलाभ का पात्र नहीं होगा -

(1) प्रथम प्रमाण-पत्र के मामले में, उस तिथि से तीन दिन से अधिक के लिए, जिस तिथि को वह प्रमाण-पत्र संबन्धित शाखा कार्यालय को प्रस्तुत किया जाता है;

(2) अनुवर्ती प्रमाण-पत्र के मामले में, उस तिथि से चौदह दिन से अधिक के लिए, जिस तिथि को ऐसा अनुवर्ती प्रमाण-पत्र संबन्धित शाखा कार्यालय को प्रस्तुत किया जाता है;

परंतु यह कि संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय या महानिदेशक द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य कार्यालय किसी विशिष्ट मामले में इस विनियम के सभी या किसी भी उपबंध में छूट दे सकता है, यदि वह इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में हुआ विलंब वास्तविक कारणों से था।

50. बीमारी हितलाभ विस्तारयोग्य बीमारियां – यदि बीमाकृत व्यक्ति निम्नलिखित बीमारियों में से किसी एक या अधिक से पीड़ित पाया जाता है, तो सामाजिक सुरक्षा संहिता (केंद्रीय) नियमावली, 2026 के नियम 22 के उप-नियम 2(क) और 2(ग) के उपबंधों के अनुसार बीमारी हितलाभ विस्तारित किया जा सकता है।

I. संक्रामक रोग

1. तपेदिक

2. कुष्ठ रोग

3. चिरकारी पूयसंचय

4. श्वसनी विस्तार

5. अंतरालीय फेफड़ा रोग

6. एड्स

II. अर्बुद

7. घातक रोग

III. अंतःस्रावी पोषण और चयापचय संबंधी विकार

8. प्रोलिफेरेटिव रेटिनोपैथी/डायबिटिक फुट/नेफ्रोपैथी सहित जटिल मधुमेह

IV. तंत्रिका तंत्र के विकार

9. एकांग पक्षाघात

10. अर्धांग पक्षाघात

11. निम्नांग पक्षाघात

12. अर्धांग दुर्बलता

13. अंतःकपाल स्थान घेरता घाव

14. कंपवात

15. रीढ़ की हड्डी का संकूचन

16. मायस्थीनिया ग्रेविस/तंत्रिका-मांसपेशीय अपविकास

V. नेत्र रोग

17. 6/6 या उससे कम दृष्टि के साथ अपरिपक्व मोतियाबिंद

18. रेटिना का अलगाव

19. काला मोतिया

VI. हृदयवाहिका तंत्र रोग

20. कोरोनरी धमनी रोग

(क) अस्थिर हृदयशूल

(ख) 45% से कम निष्कासन के साथ हृदय पेशी रोधगलन

21. हृदय की संकुलित विफलता बायां दायां

22.हृदय के वाल्व संबंधी रोग, हृदय विफलता/जटिलताओं के साथ

23. हृदय पेशी रोग

24. शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप के साथ हृदय रोग और उनकी जटिलताएं।

VII. छाती रोग

25. संकुलित हृदय विफलता (कॉर पल्मोनेल) सहित दीर्घकालिक अवरोधक फुफ्फुसीय रोग (सीओपीडी)

VIII. पाचन तंत्र के रोग

26. जलोदर सहित यकृत सिरोसिस/दीर्घकालिक सक्रिय यकृतशोथ

IX. हड्डी रोग

27. कशेरुका का विस्थापन/अंतरकशेरुकी डिस्क का स्खलन

28. अस्थिभंग का असंयोजन अथवा विलंबित संयोजन

29. आघातोत्तर निम्न अंग का शल्यच्छेदन

30. दीर्घकालिक अस्थिमज्जाशोथ सहित संयुक्त अस्थिभंग

X. मनोविकृति

31. स्पष्टीकरण के लिए इसके अंतर्गत उपसमूह सूचीबद्ध हैं

(क) मनोविदलता

(ख) अंतर्जात अवसाद

(ग) उन्माद अवसादग्रस्त मनोविकृति (एमडीएफ)

(घ) मनोभ्रंश

XI. अन्य

32. संक्रमण/जटिलताओं सहित 20% से अधिक जलना

33. दीर्घकालिक वृक्क विफलता

34. रेनॉड रोग/ब्यूर्जर रोग

51. बीमारी हितलाभ के विस्तार के अधीन शर्तें – (1) बीमारी हितलाभ का प्रारंभ में अधिकतम 124 दिनों की अवधि तक विस्तार किया जा सकेगा, जिसे दीर्घकालिक उपयुक्त मामलों में क्षेत्रीय निदेशक अथवा उप क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी द्वारा, राज्य चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति के आधार पर, आगे बढ़ाकर 309 दिनों तक किया जा सकेगा। राज्य चिकित्सा अधिकारी यह संस्तुति विशेषज्ञ की रिपोर्ट के आधार पर करेगा, जहाँ किसी सूचीबद्ध बीमारी के लिए कुल 124 दिनों से अधिक की अवधि तक काम से अनुपस्थिति की सिफारिश की गई हो।

(2) क्षेत्रीय निदेशक या उप-क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी, योग्य मामलों में बीमारी के हितलाभ की बढ़ी हुई अवधि को 400 दिनों (91 दिन का बीमारी हितलाभ+309 दिन का बढ़ा हुआ बीमारी हितलाभ) की सीमा से आगे बढ़ाकर अधिकतम दो साल (730 दिन) तक और बढ़ा सकते हैं। यह विस्तार एक चिकित्सा बोर्ड द्वारा विधिवत मंज़ूरी मिलने के उपरांत राज्य चिकित्सा अधिकारी की संस्तुति पर किया जाएगा।

परंतु बीमारी हितलाभ की बढ़ी हुई अवधि को 400 दिनों से आगे केवल उस तिथि तक ही बढ़ाया जा सकेगा, जिस तिथि को बीमाकृत व्यक्ति 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेता है।

52. दुर्घटना की सूचना – (i) प्रत्येक कर्मचारी, जिसे नियोजन के दौरान और नियोजन के अनुक्रम में हुई किसी दुर्घटना के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत चोट पहुँचती है, ऐसी दुर्घटना घटित होने के पश्चात यथाशीघ्र, ऐसी चोट की सूचना किसी भी माध्यम से, चाहे इलेक्ट्रॉनिक रूप से, मौखिक रूप से अथवा कर्मचारी की ओर से कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के माध्यम से, नियोजक को देगा। इसके पश्चात, नियोजक दुर्घटना पंजिका में इसकी प्रविष्टि करेगा तथा विनियम 55 के प्रावधानों के अनुसार इसकी सूचना निगम को तत्काल देगा।

परंतु यह भी कि यदि किसी कर्मचारी को संहिता की तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी व्यावसायिक रोग के कारण नियोजन चोट पहुँचती है, तो ऐसे कर्मचारी द्वारा कोई सूचना दिया जाना अपेक्षित नहीं होगा।

परंतु यदि रोजगार चोट संहिता की तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट किसी व्यवसायजन्य रोग के कारण लगती है, तो कर्मचारी को ऐसा नोटिस देने की आवश्यकता नहीं होगी।

53. दुर्घटना पुस्तिका का अनुरक्षण - प्रत्येक नियोक्ता निम्नांकित का पालन करेगा -

(i) दुर्घटना पंजिका" का रखरखाव भौतिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में, सुलभ स्थान पर, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएँ (केंद्रीय) नियम, 2026 के नियम 75 के अंतर्गत निर्धारित प्ररूप XIX में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक दुर्घटना से संबंधित प्रासंगिक विवरण तत्काल दर्ज किए जाएंगे।व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएँ (केंद्रीय) नियम, 2026 के नियम 75 के अंतर्गत निर्धारित प्ररूप XIX में किए जाने वाले किसी भी परिवर्तन के बावजूद, इस विनियम के प्रकाशन की तारीख को प्रचलित प्ररूप को यथावत जारी माना जाएगा।

(ii) प्रत्येक पुस्तिका को अंतिम प्रविष्टि की तारीख से पाँच वर्ष तक सुरक्षित रखा जाएगा।

परंतु संहिता की तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट व्यवसायजन्य रोग के कारण होने वाली किसी भी रोजगार चोट का विवरण उक्त दुर्घटना पुस्तिका में दर्ज करना आवश्यक नहीं होगा।

54. दुर्घटना पुस्तिका में प्रविष्टि के अतिरिक्त अन्यथा सूचना - यदि विनियम 52 के अंतर्गत रोजगार की चोट की सूचना दुर्घटना पुस्तिका में प्रविष्टि से भिन्न रूप में दी जाती है, तो नियोक्ता या वह व्यक्ति, जिसे उक्त विनियम के अंतर्गत ऐसी सूचना दी गई हो, का यह कर्तव्य होगा कि सूचना प्राप्त होते ही उस दुर्घटना के संबंध में पुस्तिका में एक उपयुक्त प्रविष्टि करे, और जहां सूचना अलिखित रूप में प्राप्त हो, तो उस सूचना देने वाले व्यक्ति को विवरण पढ़कर सुनाएगा और दुर्घटना पुस्तिका पर उसके हस्ताक्षर या अंगूठा चिह्न प्राप्त करेगा।

55. नियोजक द्वारा दुर्घटना की रिपोर्ट।– प्रत्येक नियोजक, प्ररूप 10 में एक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा, संबंधित शाखा कार्यालय तथा बीमाकृत व्यक्ति के बीमा चिकित्सा अधिकारी को भेजेगा–

(i) यदि चोट गंभीर हो, अर्थात् ऐसी चोट से मृत्यु होने अथवा स्थायी निःशक्तता होने या शरीर के किसी अंग की हानि होने की संभावना हो, तो तत्काल; और

(ii) किसी भी अन्य मामले में, विनियम 52 के अंतर्गत नोटिस प्राप्त होने के 48 घंटों के भीतर या उस समय के भीतर जब दुर्घटना नियोक्ता या अन्य अधिकारी के ध्यान में आई, जिसकी देखरेख में कर्मचारी दुर्घटना के समय नियोजित था या नियोक्ता द्वारा इस उद्देश्य के लिए नामोद्दिष्ट कोई अन्य व्यक्ति :

परंतु गंभीर चोट के मामले में, और विशेष रूप से जब चोट के परिणामस्वरूप रोजगार स्थल पर मृत्यु हो जाती है, तो बीमा चिकित्सा अधिकारी और शाखा कार्यालय को रिपोर्ट भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से और अन्यथा भी उतनी तेजी से भेजी जाएगी, जितनी उस परिस्थितियों में व्यावहारिक हो :

परंतु यदि दुर्घटना में घायल कर्मचारी की काम से अनुपस्थिति होने की जरूरत नहीं है, तो नियोक्ता शाखा कार्यालय और बीमा चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट नहीं भेज सकता है, लेकिन यदि बाद में काम से अनुपस्थिति होने की जरूरत पड़ती है तो 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट भेजना आवश्यक होगा।

परंतु जहां नियोक्ता द्वारा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, (केन्द्रीय) नियम 2026 के अंतर्गत दुर्घटना की रिपोर्ट की जाती है, शाखा कार्यालय और बीमा चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट उसी रूप में की जा सकती है, जो व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा (केन्द्रीय) नियम 2026 के अंतर्गत निर्धारित है। परंतु प्रपत्र 10 के अंतर्गत आवश्यक सभी अतिरिक्त जानकारी उसमें जोड़ी गई हो।

परंतु नियोक्ता के लिए प्रपत्र 10 में एक रिपोर्ट भेजना आवश्यक नहीं होगा यदि रोजगार की चोट संहिता की तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट व्यावसायिक बीमारी के कारण होती है; लेकिन मांगने पर नियोक्ता संबन्धित शाखा कार्यालय को ऐसी उचित अवधि के भीतर, जो निर्दिष्ट किया जा सकता है, ऐसी जानकारी और विवरण प्रस्तुत करेगा, जो संहिता की तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट किसी भी रोजगार की प्रकृति और अन्य प्रासंगिक परिस्थितियों के बारे में अपेक्षित होंगे।

56. नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था - प्रत्येक नियोक्ता दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा देखभाल और परिवहन की व्यवस्था करेगा, ताकि घायल व्यक्ति को बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा देखे जाने तक आवश्यक सहायता मिल सके और नियोक्ता उस हेतु किए गए व्ययों के संबंध में प्रतिपूर्ति का हकदार होगा, लेकिन समय-समय पर निगम द्वारा निर्दिष्ट किए जाने वाले व्ययों की सीमा से अधिक नहीं होगा :

परंतु यदि नियोक्ता को किसी अन्य अधिनियम के अंतर्गत ऐसी चिकित्सा सहायता मुफ्त में प्रदान करना अपेक्षित हो, तो वह व्ययों की किसी भी प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

57. नियोक्ता द्वारा दुर्घटना संबंधी अन्य विवरण प्रस्तुत करना - प्रत्येक नियोक्ता संबन्धित कार्यालय को दुर्घटना की अतिरिक्त जानकारी और विवरण उस समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करेगा जैसा कि उक्त कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप में या अन्यथा आवश्यक हो।

58. निगम द्वारा निदेश - निःशक्तता हितलाभ पाने वाले प्रत्येक दावेदार और लाभार्थी को उपयुक्त क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पालन करना होगा। जिसके लिए उसे निम्नलिखित में से अपेक्षित है-

(i) वह स्वयं को ऐसे चिकित्सीय प्राधिकारी के समक्ष चिकित्सीय परीक्षण हेतु प्रस्तुत करेगा, जिसे संबंधित कार्यालय द्वारा इस प्रयोजन से नियुक्त किया गया हो कि संबंधित रोजगार

चोट के प्रभावों तथा उस चोट अथवा कार्यक्षमता-हानि के लिए उपयुक्त उपचार का निर्धारण किया जा सके; और/या

(ii) वह किसी सरकार, स्थानीय प्राधिकरण अथवा निगम द्वारा इस प्रयोजन हेतु मान्यता प्राप्त किसी सार्वजनिक अथवा निजी निकाय द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण या औद्योगिक पुनर्वास पाठ्यक्रमों में उपस्थित होगा, जिन्हें निगम उसके मामले में उपयुक्त समझता हो।

59. चिकित्सा बोर्ड को अभिनिर्देशन- चिकित्सा बोर्ड को अभिनिर्देशन किया जा सकता है-

(क) उन मामलों में जहां रोजगार चोट के लिए अस्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा किया गया है, चोट लगने की तारीख से या उस चोट के तुरंत बाद शुरू हुई अस्थायी निःशक्तता की अवधि के लिए जारी अंतिम प्रमाण-पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर या उन मामलों में जहां अस्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा नहीं किया गया है, लेकिन उसके आधार पर स्थायी निःशक्तता का दावा किया गया है, उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निःशक्त व्यक्ति, नियोक्ता या किसी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ के अनुरोध पर रोजगार चोट की घटना की तारीख से।

परंतु उपर्युक्तानुसार निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ऐसा अभिनिर्देशन किया जा सकता है, यदि यह संतुष्ट हो कि आवेदक पर्याप्त कारण से समय पर आवेदन नहीं कर सका।

परंतु यह भी कि यदि अस्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा निगम द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था, लेकिन बाद में कर्मचारी बीमा न्यायालय द्वारा चोट के फलस्वरूप अस्थायी निःशक्तता के संबंध में स्वीकार कर लिया गया, तो बारह महीने की सीमा कर्मचारी बीमा न्यायालय द्वारा बीमाकृत व्यक्ति के अस्थायी निःशक्तता हितलाभ दावे को स्वीकार करने के आदेश की तारीख से लागू होगी, या

(ख) निगम द्वारा-

(i) किसी भी समय, बीमा चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश पर, और

(ii) अपनी पहल पर, दावेदार को रोजगार चोट के कारण काम करने में असमर्थ घोषित करने की प्रथम तिथि से 28 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद।

60. चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट- चिकित्सा बोर्ड, निःशक्त व्यक्ति की जांच करने के बाद, महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट प्रपत्र में उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय को अपना निर्णय भेजेगा। निःशक्त व्यक्ति को चिकित्सा बोर्ड के निर्णय और हितलाभ, यदि कोई हो, जिसके लिए निःशक्त व्यक्ति पात्र होगा, के बारे में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या लिखित रूप में सूचित किया जाएगा।

61. व्यावसायजन्य रोग- यदि यह प्रश्न उठे कि रोजगार की चोट संहिता की तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट व्यावसायजन्य रोग के कारण हुई है या नहीं, तो इसका निर्धारण एक विशेष चिकित्सा बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जो निःशक्त व्यक्ति की जांच करेगा और इस संबंध में महानिदेशक द्वारा इस संबंध में निर्धारित किए गए रूप में उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप क्षेत्रीय कार्यालय को एक रिपोर्ट भेजेगा, जिसमें बताया जाएगा कि-

(क) क्या निःशक्त व्यक्ति उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट एक या अधिक बीमारियों से पीड़ित है;

(ख) क्या संबंधित बीमारी के परिणामस्वरूप स्थायी निःशक्तता हुई है;

(ग) क्या अर्जन क्षमता की हानि की सीमा का अनंतिम रूप से या अंतिम रूप से आकलन किया जा सकता है;

(घ) अर्जन क्षमता की हानि के अनुपात का आकलन और अनंतिम आकलन के मामले में, जिस अवधि के लिए यह आकलन मान्य रहेगा।

उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सभी अनंतिम आकलन, अनंतिम आकलन में नियत अवधि की समाप्ति से पूर्व, समीक्षा के लिए विशेष चिकित्सा बोर्ड को भेजे जाएं। विशेष चिकित्सा बोर्ड के किसी भी निर्णय की समीक्षा इसके द्वारा किसी भी समय की जा सकती है। उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा निःशक्त व्यक्ति को विशेष चिकित्सा बोर्ड के निर्णय और हितलाभ, यदि कोई हो, जिसके लिए निःशक्त व्यक्ति पात्र होगा, के बारे में सूचित किया जाएगा।

62. व्यावसायजन्य रोग को रोजगार चोट के रूप में अर्ह मानने हेतु रोजगार की निरंतर अवधि- संहिता की तीसरी अनुसूची के भाग-ग में सूचीबद्ध रोजगार विशेष से संबंधित विनिर्दिष्ट रोग, जब तक कि विपरीत सिद्ध न हो, को व्यावसायजन्य रोग माना जाएगा, यदि कर्मचारी निर्धारित अवधि तक उस रोजगार में कार्यरत रहा हो :

1. स्क्लेरोजेनिक खनिज धूल (सिलिकोसिस, एंथ्राओसिलिकोसिस, एस्बेस्टोसिस) और सिलिको-तपेदिक के कारण होने वाले न्यूमोकोनियोसेस परंतु सिलिकोसिस ही अक्षमता या मृत्यु का मुख्य कारण हो	7 वर्ष
2. इक्षुधूलिमयता	3 वर्ष
3. कपास, अलसी तंतु हेम्प और सिसल धूल (बायसिनोसिस) के कारण होने वाले श्वसनी फुप्फुस रोग।	3 वर्ष
4. ऑर्गेनिक धूल में सांस लेने के कारण बहिरस्थ एलर्जी एल्वीलाइटिस	5 वर्ष

5. कठोर धातुओं के कारण होने वाले श्वसनी फुप्फुस रोग	3 वर्ष
6. अधिक ऊंचाई की तीव्र फुफ्फुसीय एडिमा	व्यावसायिक आवश्यकता के कारण 2,500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर तेजी से चढ़ने के बाद पहला दिन।

63. चिकित्सा बोर्डों/विशेष चिकित्सा बोर्डों का गठन- निगम द्वारा संहिता के प्रयोजनों के लिए चिकित्सा बोर्ड और विनियम 61 के प्रयोजनों के लिए विशेष चिकित्सा बोर्ड गठित किए जाएंगे और जहां निगम ऐसा करना चाहता है तो इसे स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से संपर्क कर सकता है और इसमें ऐसे व्यक्ति सम्मिलित होंगे, जो ऐसे अधिकार क्षेत्र और ऐसी प्रक्रिया का पालन करेंगे, जैसी महानिदेशक द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाए।

64. चिकित्सा अपील अधिकरण।– संहिता के प्रयोजनों के लिए, राज्य सरकार जितने चिकित्सा अपील अधिकरणों का गठन उचित समझे, उतने अधिकरणों का गठन करेगी। ऐसा प्रत्येक चिकित्सा अपील अधिकरण ऐसे व्यक्तियों से मिलकर गठित होगा, ऐसी अधिकारिता का प्रयोग करेगा तथा ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगा (सिवाय अपील दायर करने के तरीके और समय-सीमा के, जो संहिता के अधीन केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में निर्धारित की जा सकती है), जैसा कि राज्य सरकार निगम के परामर्श से समय-समय पर विनिश्चित करे।

परंतु यह भी कि केंद्रीय नियमावली के नियम 23 के उप-नियम (1) में संदर्भित आवेदन (चिकित्सा अपील अधिकरण में अपील दायर करने के लिए) प्रपत्र 23 में होगा और उसमें उन आधारों का विवरण होगा, जिन पर अपील दायर की जा रही है।

65. स्थायी निःशक्तता हितलाभ हेतु दावा प्रस्तुतीकरण- चिकित्सा बोर्ड, चिकित्सा अपील अधिकरण या कर्मचारी बीमा न्यायालय द्वारा स्थायी रूप से निःशक्त घोषित किया गया बीमाकृत व्यक्ति, स्थायी निःशक्तता हितलाभ के पहले भुगतान के लिए उपयुक्त शाखा कार्यालय को, इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, प्रपत्र 12 में दावा प्रस्तुत करेगा। अस्थायी निःशक्तता हितलाभों के पश्चात्वर्ती भुगतानों के लिए दावा करना अपेक्षित नहीं होगा।

66. स्थायी निःशक्तता हितलाभ संराशीकरण - (1) कोई बीमाकृत व्यक्ति, जिसकी स्थायी निःशक्तता का अंतिम मूल्यांकन हो चुका है और जिसे स्थायी निःशक्तता हितलाभ का निर्धारण दस रुपये या उससे कम प्रतिदिन हुआ है, वह इस हितलाभ को एकमुश्त राशि में बदलने के लिए आवेदन कर सकता है।

परंतु यदि हितलाभ दर दस रुपये प्रतिदिन से अधिक है, तो भी आवेदन किया जा सकता है, लेकिन शर्त यह है कि एकमुश्त राशि का कुल मूल्य स्थायी निःशक्तता के अंतिम निर्धारण की शुरुआत में साठ हजार रुपये से अधिक न हो।

परंतु इस विनियम के उप खंड (3) के अंतर्गत यदि किसी मामले में पहले संराशीकरण से इनकार किया गया था क्योंकि बीमाकृत व्यक्ति की औसत जीवन-प्रत्याशा नहीं थी, तो ऐसे मामले दोबारा नहीं खोले जाएंगे।

(2) जहाँ ऐसा आवेदन उस तारीख से 6 माह के भीतर किया जाता है, जिस दिन बीमाकृत व्यक्ति संराशीकरण का विकल्प चुन सकता है (जिसे "संभावित विकल्प की तारीख" कहा जाता है), वहाँ स्थायी निःशक्तता हितलाभ को एकमुश्त राशि में बदल दिया जाएगा।

(3) जहाँ ऐसा आवेदन संभावित विकल्प की तारीख से 6 माह की समाप्ति के बाद किया जाता है, वहाँ स्थायी निःशक्तता हितलाभ को एकमुश्त राशि में बदला जा सकता है, परंतु निगम संतुष्ट हो कि बीमाकृत व्यक्ति की आयु के अनुसार उसकी औसत जीवन-प्रत्याशा है। इस प्रयोजन के लिए, बीमाकृत व्यक्ति को संबंधित कार्यालय के निर्देश पर स्वास्थ्य परीक्षा के लिए उपस्थित होना पड़ सकता है। यह परीक्षा उस चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसे महानिदेशक सामान्य या विशेष आदेश द्वारा नियुक्त करेंगे।

(4) इस विनियम के प्रयोजन के लिए "संभावित विकल्प की तारीख" का अर्थ होगा–

(i) उस व्यक्ति के मामले में, जो इस विनियम के लागू होने की तारीख को उप-विनियम (1) द्वारा व्याप्त स्थायी निःशक्तता हितलाभ प्राप्त कर रहा है, इस विनियम के लागू होने की तारीख।

(ii) अन्य बीमाकृत व्यक्ति के मामले में, वह तारीख होगी, जिस दिन उप-विनियम (1) द्वारा व्याप्त की गई स्थायी निःशक्तता का अंतिम मूल्यांकन उपयुक्त क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उसे सूचित किया गया।

(5) इस विनियम के अंतर्गत स्वीकार्य एकमुश्त राशि की गणना इस विनियम की अनुसूची **I** के स्तंभ 2 में दर्ज अंक से स्थायी निःशक्तता हितलाभ की दैनिक दर को गुणा कर किया जायेगा। यह गणना उपयुक्त कार्यालय में प्राप्त संराशीकरण के आवेदन की तारीख को बीमाकृत व्यक्ति के पिछले जन्मदिन को उसकी आयु के आधार पर की जाएगी और उस तारीख से स्थायी निःशक्तता हितलाभ भुगतान बंद हो जाएगा।

परंतु यदि बीमाकृत व्यक्ति ने उपयुक्त कार्यालय द्वारा यथापेक्षित आयु का प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया है, या प्रस्तुत प्रमाण को उपयुक्त कार्यालय द्वारा संतोषजनक स्वीकार नहीं किया गया है तो जांच

की तारीख को चिकित्सा बोर्ड द्वारा बीमाकृत व्यक्ति की आकलित उपर्युक्त समरूपी आयु को ही स्वीकार किया जाएगा तथा चिकित्सा बोर्ड द्वारा जांच की तारीख और उपयुक्त कार्यालय में संराशीकरण हेतु प्राप्त आवेदन की तारीख के बीच की अवधि को समायोजित कर लिया जाएगा।

परंतु यह भी कि चिकित्सा बोर्ड द्वारा इस प्रकार आँकी गई आयु चिकित्सा बोर्ड को मामला भेजने से पूर्व उपयुक्त कार्यालय द्वारा बीमाकृत व्यक्ति को आयु के प्रमाण हेतु दिये गए समय के बाद प्रस्तुत प्रमाण-पत्र के विरुद्ध मान्य होगी।

67. रोजगार की चोट से कर्मचारी की मृत्यु की रिपोर्ट - यदि रोजगार चोट के कारण कर्मचारी की मृत्यु होती है–

(क) यदि मृत्यु कार्यस्थल पर होती है, तो नियोक्ता और

(ख) यदि मृत्यु किसी अन्य स्थान पर होती है, तो वह आश्रित, जो आश्रितजन हितलाभ का दावा करना चाहता है, या

(ग) मृत्यु के समय उपस्थित कोई अन्य व्यक्ति,

तत्काल निकटतम शाखा कार्यालय और निकटतम औषधालय, अस्पताल, क्लिनिक या अन्य संस्था को मृत्यु की सूचना दे सकता है, जहां संहिता के अंतर्गत चिकित्सा हितलाभ उपलब्ध है।

68. नियोजन चोट के कारण मृत्यु होने वाले कर्मचारी के शव का निपटान।– जहाँ संहिता के अधीन कर्मचारी के रूप में कार्यरत किसी कर्मचारी की नियोजन चोट के परिणामस्वरूप मृत्यु हो जाती है, वहाँ कर्मचारी के शव का निपटान तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा शव की जाँच न कर ली जाए। बीमा चिकित्सा अधिकारी, किसी अन्य विद्यमान अभिकरण के सहयोग से, यदि आवश्यक समझे, तो शव-परीक्षा की व्यवस्था भी करेगा :

परंतु यदि बीमा चिकित्सा अधिकारी ऐसी मृत्यु के बारह घंटे के भीतर जाँच के लिए पहुंचने में असमर्थ है, तो ऐसे चिकित्सा अधिकारी या चिकित्सा व्यवसायी से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद शव का निपटान किया जा सकता है, जो भी उपलब्ध हो :

परन्तु यह भी कि इस विनियम में निहित कुछ भी, वर्तमान में लागू किसी कानून के अंतर्गत मृत्यु समीक्षक को प्रदत्त शक्ति या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम (बीएनएसएस) 2023 की धारा 194 के अंतर्गत किसी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी या किसी अन्य पुलिस अधिकारी को प्रदत्त किसी भी शक्ति के विपरीत नहीं होगा।

69. मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करना- मृत्यु के समय निःशक्त बीमाकृत व्यक्ति की परिचर्या करने वाला बीमा चिकित्सा अधिकारी या मृत्यु के बाद शव की जांच करने वाला बीमा चिकित्सा अधिकारी या अस्पताल या अन्य संस्था में बीमाकृत व्यक्ति की परिचर्या करने वाला चिकित्सा अधिकारी जहां

निःशक्त व्यक्ति की मृत्यु हुई, मृतक के आश्रितजनों को प्रपत्र 11 में निःशुल्क मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करेगा और उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप क्षेत्रीय कार्यालय को एक रिपोर्ट भेजेगा।

70. आश्रितजन हितलाभ हेतु दावा प्रस्तुतीकरण- आश्रितजन हितलाभ का दावा आश्रितजन या संबंधित आश्रितजनों या उनके विधिक प्रतिनिधि या अवयस्क के मामले में उसके संरक्षक द्वारा प्रपत्र 13 में उपयुक्त शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा प्रस्तुत किया जाएगा और ऐसे दावे के साथ निम्नलिखित को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज संलग्न होने चाहिए-

(i) मृत्यु रोजगार चोट के कारण हुई है;
(ii) दावा करने वाला व्यक्ति केंद्रीय नियमावली के नियम 22 के उप नियम (6) में यथाप्रदत्त दावे की पात्रता के लिए आश्रित है;
(iii) दावेदार की आयु;
(iv) केंद्रीय नियमावली के नियम 22 के उप-नियम (6) के अंतर्गत अशक्त होने का दावा करने वाले आश्रितजन की अशक्तता, जिसे ऐसे चिकित्सा या अन्य प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित किया गया हो, जिसे महानिदेशक ने इस संबंध में किसी सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट किया हो :

परंतु, जब उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय आवेदक की प्रामाणिकता या उपर्युक्त मामलों से संबंधित तथ्यों की सत्यता के बारे में संतुष्ट हो, तो एक या अधिक दस्तावेजों की आवश्यकता को हटाया जा सकता है।

(2) निम्नलिखित को आयु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है-

(क) जन्म की तिथि और स्थान तथा पिता के नाम को दर्शाने वाले जन्म के आधिकारिक रिकॉर्ड से प्रमाणित उद्धरण;

(ख) जन्म तिथि और पिता का नाम को दर्शाने वाले विद्यालय रिकॉर्ड से प्रमाणित उद्धरण;

(ग) केंद्र सरकार या संबंधित राज्य सरकार द्वारा आयु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया गया कोई भी दस्तावेज;

(घ) ऐसे अन्य साक्ष्य, जो किसी विशेष मामले की परिस्थितियों में उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय को स्वीकार्य हों।

71. आश्रितजन हितलाभ हेतु नोटिस -- किसी कर्मचारी की मृत्यु के संबंध में आश्रितजन हितलाभ के दावे या दावों की प्राप्ति पर, और मृत्यु की परिस्थितियों तथा कारण और आश्रितजन हितलाभ के

हकदार सभी व्यक्तियों के बारे में आवश्यक जांच के बाद, उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा ऐसे अन्य व्यक्तियों को (यदि कोई हों, जो जांच करने पर आश्रितजन हितलाभ के हकदार प्रतीत होते हैं और जिन्होंने अभी तक इस तरह के हितलाभ के लिए दावा प्रस्तुत नहीं किया है) इस तरह के नोटिस की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर आश्रितजन हितलाभ के लिए दावा प्रस्तुत करने का नोटिस जारी करेगा। नोटिस में अन्य बातों के साथ-साथ संहिता और विनियमों के सुसंगत उपबंध और आश्रितजन हितलाभ के लिए दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का उल्लेख होगा।

72. आश्रितजन हितलाभ संबंधी निर्णय की सूचना देना -- विनियम 71 के अंतर्गत जारी नोटिस के निबंधनों के अनुसार दावे प्रस्तुत करने की अवधि की समाप्ति के बाद यथाशीघ्र, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय प्रत्येक आश्रितजन के दावे के संबंध में निगम के निर्णय की सूचना लिखित रूप में संबंधित आश्रितजन या उसके कानूनी प्रतिनिधि, या अवयस्क के मामले में उसके अभिभावक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा तरीके से देगा।

73. आश्रितजन हितलाभ प्रोद्भवन की तिथि -- आश्रितजन हितलाभ मृत्यु की उस तारीख से प्रोद्भूत होगा, जिसके संबंध में हितलाभ देय है या, जहां उस तिथि के लिए निःशक्तता हितलाभ देय था या जहां उस तिथि के लिए मजदूरी देय थी, वहां आश्रितजन हितलाभ मृत्यु की तारीख के अगले दिन से प्रोद्भूत होगा।

74. आश्रितजन हितलाभ हेतु दावा प्रस्तुतीकरण -- प्रत्येक आश्रितजन, जिसका आश्रितजन हितलाभ का दावा विनियम 72 के अंतर्गत स्वीकार किया गया है, उपयुक्त शाखा कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, आश्रितजन हितलाभ के पहले भुगतान के लिए प्रपत्र 14 में एक दावा प्रस्तुत करेगा। यह दावा किसी लाभार्थी के कानूनी प्रतिनिधि द्वारा या अवयस्क के मामले में उसके अभिभावक द्वारा किया जा सकता है। आश्रितजन हितलाभ के पश्चात्वर्ती भुगतानों के लिए किसी दावे की आवश्यकता नहीं होगी।

75. स्थायी निःशक्तता हितलाभ और आश्रितजन हितलाभ के पूंजीकृत मूल्य की गणना -- स्थायी निःशक्तता हितलाभ अथवा आश्रितजनों हितलाभ के पूंजीकृत मूल्य की गणना के लिए बीमाकृत व्यक्ति अथवा आश्रितजनों की आयु पर आधारित गुणन कारक अनुसूची II में दिए गए अनुसार होगा।

76. आश्रितजन हितलाभ की समीक्षा - (1) किसी बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के संबंध में आश्रितजन हितलाभ के रूप में देय राशियों की समीक्षा उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अपनी पहल पर की जा सकती है, और यह समीक्षा तब की जाएगी, यदि जब निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी के अंतर्गत इस आशय का आवेदन किया जाता है-

(क) यदि कोई लाभार्थी विवाह, पुनर्विवाह, मृत्यु, आयु या अन्यथा के कारण आश्रितजन हितलाभ का पात्र नहीं रह जाता है, या

(ख) यदि बीमाकृत व्यक्ति के मरणोपरांत बच्चे के जन्म से आश्रितजन हितलाभ के दावे में कोई नया आश्रितजन सम्मिलित होता है, या

(ग) यदि आश्रितजन हितलाभ के संवितरण के संबंध में पिछला निर्णय लिए जाने के बाद, ऐसे संवितरण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाले कुछ तथ्य सामने आते हैं।

(2) इस विनियम के अंतर्गत कोई भी समीक्षा प्रत्येक आश्रितजन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा उचित नोटिस देने के बाद की जाएगी, जिसमें प्रस्तावित समीक्षा का कारण बताया जाएगा और उन्हें ऐसी समीक्षा पर आपत्ति, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

(3) संहिता और इन विनियमों के उपबंधों के शर्ताधीन, उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय ऐसी समीक्षा के परिणामस्वरूप, अपनी ओर से निर्धारित तिथि से किसी भी आश्रितजन के हिस्से को शुरू, जारी, बढ़ा, घटा या बंद कर सकेगा।

77. अन्य अभिभावक की नियुक्ति -- यदि किसी भी समय उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय का यह समाधान हो जाए कि आश्रितजन हितलाभ प्राप्त कर रहे बच्चे की उसके अभिभावक द्वारा उपेक्षा की जा रही है, जो संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 के अंतर्गत नियुक्त अभिभावक न हो, और बच्चे के आश्रितजन हितलाभ का हिस्सा उसके भरण-पोषण पर उचित रूप से व्यय नहीं किया जा रहा है, तो उपयुक्त क्षेत्रीय कार्यालय या उप-क्षेत्रीय कार्यालय निर्देश दे सकता है कि इस हिस्से का, ऐसी शर्तों के अधीन, जो वह निर्दिष्ट करे, ऐसे अन्य व्यक्ति को भुगतान किया जा सकता है, जिसे वह उचित समझे और जो उसकी राय में बच्चे की देखभाल और भरण-पोषण के लिए इसका उपयोग करेगा।

78. नामांकन -- (1) प्रत्येक नियोजक, प्रत्येक कर्मचारी के पंजीकरण के समय, ऐसे कर्मचारी से प्ररूप 1ग में नामांकन अनिवार्य रूप से लिखित रूप में प्राप्त करेगा तथा उसका विवरण विनिर्दिष्ट पोर्टल पर दर्ज करेगा।

(2) कर्मचारी अपने नामांकन में, संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत उसे देय नकद हितलाभ की राशि को एक से अधिक नामित व्यक्तियों के बीच वितरित कर सकता है।

(3) यदि नामांकन करने के समय कर्मचारी का कोई परिवार है, तो नामांकन उसके परिवार के एक या अधिक सदस्यों के पक्ष में किया जाएगा, और उस कर्मचारी द्वारा किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामांकन, जो उसके परिवार का सदस्य नहीं है, अवैध होगा।

(4) यदि नामांकन करने के समय कर्मचारी का कोई परिवार नहीं है, तो नामांकन किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में किया जा सकता है, लेकिन यदि कर्मचारी बाद में परिवार बना लेता है, तो ऐसा नामांकन तत्काल अमान्य हो जाएगा और कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समय के भीतर अपने परिवार के एक या अधिक सदस्यों के पक्ष में एक नया नामांकन करेगा।

(5) उपधारा (3) और (4) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, कोई कर्मचारी, ऐसा करने के अपने आशय की लिखित सूचना प्ररूप 1C में अपने नियोजक को देकर, किसी भी समय अपने नामांकन में संशोधन कर सकता है तथा नियोजक उसके विवरण विनिर्दिष्ट पोर्टल पर दर्ज करेगा।

(6) यदि किसी नामिति की मृत्यु कर्मचारी से पहले हो जाती है, तो नामिति का हित कर्मचारी को वापस प्राप्त हो जाएगा, जो ऐसे हित के संबंध में प्ररूप 1ग में नया नामांकन करेगा।

(7) प्रत्येक नामांकन, चाहे नया नामांकन हो या नामांकन में बदलाव, जैसा भी मामला हो, कर्मचारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा अपने नियोक्ता को भेजा जाएगा, जो इसे अपने पास सुरक्षित रखेगा और निर्दिष्ट पोर्टल पर कर्मचारी के ऑनलाइन डेटाबेस में इसे अद्यतन करेगा।

(8) यदि कोई वैध नामांकन उपलब्ध नहीं है, तो मृतक बीमाकृत व्यक्ति का उत्तराधिकारी अथवा कानूनी प्रतिनिधि, मृतक बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में देय नकद हितलाभ प्राप्त करने का पात्र होगा।

79. गर्भावस्था की सूचना -- कोई बीमाकृत महिला प्रसव से पहले यदि गर्भावस्था की सूचना देने का निर्णय करती है तो उपयुक्त शाखा कार्यालय को प्रपत्र 15 में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा ऐसी सूचना देगी, और ऐसी सूचना के साथ, इन विनियमों के अनुसार प्रपत्र 15 में गर्भावस्था प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगी, जो सूचना की तारीख से 7 दिन से पहले का न हो।

80. कमीशनिंग माता द्वारा सूचना -- कोई बीमाकृत महिला, जो बच्चा चाहती है और किसी अन्य महिला में भ्रूण प्रत्यारोपित कराना चाहती है, वह उपयुक्त शाखा कार्यालय को यथासंशोधित प्रपत्र 15 में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्य रूप में ऐसी सूचना देगी, यह सूचना कमीशनिंग माता और उस अन्य महिला के बीच निष्पादित भ्रूण प्रत्यारोपण करार के साथ प्रस्तुत की जाएगी।

81. प्रसव से पूर्व प्रारंभ होने वाले मातृत्व हितलाभ हेतु दावा -- प्रसूति से पहले मातृत्व हितलाभ का दावा करने वाली प्रत्येक बीमाकृत महिला अपना दावा उपयुक्त शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा प्रस्तुत करेगी–

(i) इन विनियमों के अनुसार जारी किया गया प्ररूप 16 में प्रसव की संभावित तारीख से पूर्व, 56 दिनों से अधिक पहले नहीं (अथवा जहाँ महिला के दो या दो से अधिक जीवित बच्चे हैं, वहाँ 42 दिनों से अधिक पहले नहीं), दिया गया संभावित प्रसव का प्रमाण-पत्र;

(ii) प्रपत्र 17 में मातृत्व हितलाभ का दावा, जिसमें उस तारीख का उल्लेख हो, जिस दिन उसने पारिश्रमिक के लिए काम करना बंद कर दिया था या बंद कर देगी; और

(iii) प्रसूति की तारीख से तीस दिनों के भीतर, इन विनियमों के अनुसार प्रपत्र 16 में प्रसूति प्रमाण-पत्र।

82. बीमाकृत महिला द्वारा अपने जीवित बच्चे या बच्चों संबंधी घोषणा -- प्रसूति से पहले या प्रसूति या गर्भपात के बाद मातृत्व हितलाभ का दावा करने वाली बीमाकृत महिला अपने जीवित बच्चे या बच्चों की घोषणा प्रस्तुत करेगी। यदि बीमाकृत महिला एक से अधिक बच्चों को जन्म देती है, तो ऐसे दावे को एकल दावा माना जाएगा; हालांकि, अगले प्रसूति के लिए जीवित बच्चों की संख्या की गणना मातृत्व हितलाभ का दावा करने के समय जीवित बच्चों की वास्तविक संख्या के अनुसार की जानी चाहिए।

83. केवल प्रसूति या गर्भपात के बाद मातृत्व हितलाभ हेतु दावा -- गर्भपात के लिए मातृत्व हितलाभ का दावा करने वाली प्रत्येक बीमाकृत महिला गर्भपात की तारीख से 30 दिनों के भीतर और प्रसूति के बाद मातृत्व हितलाभ का दावा करने वाली प्रत्येक बीमाकृत महिला उपयुक्त शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा इन विनियमों के अनुसार प्रपत्र 16 में प्रसव या गर्भपात के प्रमाण-पत्र के साथ प्रपत्र 17 में मातृत्व हितलाभ के लिए दावा प्रस्तुत करेगी।

84. बीमाकृत महिला की मृत्युपरांत, उसके बच्चे के जीवित रहने पर मातृत्व हितलाभ दावा -- केंद्रीय नियमावली के नियम 22 के उप-नियम (3) के खंड (ख) के परंतुक के प्रयोजनों के लिए, मृत बीमाकृत महिला द्वारा नामित व्यक्ति इस विनियमावली के प्रपत्र-I में या ऐसे किसी अन्य प्रपत्र में, जैसा कि इस संबंध में महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, और यदि ऐसा कोई नामित व्यक्ति नहीं है, तो विधिक प्रतिनिधि, बीमाकृत महिला की मृत्यु के 30 दिन के भीतर उन विनियमों में निर्धारित अनुसार प्रपत्र 19 में मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ प्रपत्र 18 में उपयुक्त कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा मातृत्व हितलाभ, जो भी देय हो, हेतु दावा प्रस्तुत करेगा।

85. गर्भावस्था, प्रसूति, बच्चे के समयपूर्व जन्म या गर्भपात से उत्पन्न बीमारी की स्थिति में मातृत्व हितलाभ दावा – (1) प्रत्येक बीमाकृत महिला, जो गर्भावस्था, प्रसूति, बच्चे के समयपूर्व जन्म या गर्भपात से उत्पन्न बीमारी की स्थिति में मातृत्व हितलाभ का दावा करती है, वह उपयुक्त कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, उन विनियमों के अनुसार निर्दिष्ट प्रपत्र 5 या 6, जैसा भी मामला हो, में उपयुक्त चिकित्सा प्रमाण-पत्र के साथ मामले की परिस्थितियों के अनुसार प्रपत्रों में से उपयुक्त प्रपत्र (प्रपत्र 7) में उपयुक्त कार्यालय के इलेक्ट्रॉनिक या अन्यथा रूप में दावा प्रस्तुत करेगी।

(2) विनियम 41 से 47 तथा 49 के उपबंध, जहाँ तक संभव हो, इस विनियम के अनुसार प्रस्तुत दावे और दिए गए प्रमाण-पत्र पर उसी प्रकार लागू होंगे, जैसे वे इन विनियमों के अंतर्गत प्रमाणन और दावों पर लागू होते हैं।

स्पष्टीकरण: केंद्रीय नियमों के नियम 22 के उपनियम (3) के खंड (घ) के प्रयोजनों के लिए, "माह" से तीस लगातार दिनों की अवधि अभिप्रेत होगी, भले ही ऐसी अवधि का कुछ भाग एक कैलेंडर माह में और शेष भाग अगले कैलेंडर माह में पड़ता हो।

86. कमीशनिंग माता द्वारा मातृत्व हितलाभ हेतु दावा – प्रत्येक कमीशनिंग माता, जो जैविक माता के रूप में संतान चाहती है और किसी अन्य महिला में भ्रूण प्रत्यारोपित करवाना चाहती है, मातृत्व हितलाभ का दावा करने हेतु उपयुक्त कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा संशोधित प्रपत्र 17 में दावा प्रस्तुत करेगी, तथा उसके साथ गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर कमीशनिंग माता और उस अन्य महिला, जिसमें भ्रूण प्रत्यारोपण किया जाना है, के बीच हुए समझौते की प्रति, सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी निदानशाला द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की प्रति तथा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करेगी।

परंतु यह भी कि यदि कमीशनिंग माता और दूसरी महिला दोनों बीमाकृत महिलाएँ हों, तो दावा केवल कमीशनिंग माता को ही प्रदान किया जाएगा। गर्भपात संबंधी दावा न तो कमीशनिंग माता को और न ही दूसरी महिला को देय होगा।

87. दत्तक माता द्वारा मातृत्व हितलाभ के लिए दावा।– प्रत्येक बीमाकृत महिला, जो 3 माह तक की आयु के बच्चे को विधिक रूप से गोद लेती है और मातृत्व हितलाभ का दावा करती है, वह संबंधित कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा, प्ररूप 17 में मातृत्व हितलाभ के लिए दावा प्रस्तुत करेगी। इसके साथ न्यायालय के आदेश की प्रति/रजिस्ट्रार से प्राप्त प्रमाण-पत्र तथा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के अधीन प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, जिसमें दत्तक माता-पिता अथवा बच्चे को विधिक रूप से गोद लेने वाली एकल बीमाकृत महिला का नाम सम्मिलित हो, और सक्षम न्यायालय द्वारा जारी दत्तक ग्रहण आदेश की प्रति संलग्न करेगी। यदि न्यायालय द्वारा अनुमोदित दत्तक ग्रहण निरस्त कर दिया जाता है, तो बीमाकृत महिला द्वारा प्राप्त मातृत्व हितलाभ की राशि वापस की जाएगी।

88. प्रमाण-पत्र के स्थान पर अन्य साक्ष्य – निगम, गर्भावस्था, संभावित प्रसूति, मातृत्व के दौरान प्रसूति से मृत्यु, गर्भपात अथवा गर्भावस्था से उत्पन्न बीमारी, प्रसूति, बच्चे का समयपूर्व जन्म या गर्भपात संबंधी प्रमाण-पत्र के स्थान पर किसी बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी अन्य साक्ष्य स्वीकार कर सकता है, यदि उसके मत में किसी विशेष मामले की परिस्थितियों के आलोक में न्यायोचित हो।

89. पारिश्रमिक हेतु कार्य करने की सूचना – विनियम 85 में दिए गए उपबंधों को छोड़कर, प्रत्येक बीमाकृत महिला जिसने मातृत्व हितलाभ का दावा किया है, यदि वह उस अवधि के दौरान किसी भी दिन पारिश्रमिक हेतु कार्य करती है, जिसके लिए उसे मातृत्व हितलाभ देय होता, तो उसे प्रपत्र 17 में इसकी सूचना देनी होगी।

90. मातृत्व हितलाभ के भुगतान की तिथि – मातृत्व हितलाभ उस तारीख से देय होगा, जिस तारीख से इसका दावा किया जाता है, बशर्ते कि ऐसी तारीख प्रसव की संभावित तारीख से 56 दिनों से अधिक पूर्व की न हो (अथवा जहाँ बीमाकृत महिला के दो या दो से अधिक जीवित बच्चे हैं, वहाँ 42 दिनों से अधिक पूर्व की न हो) तथा बीमाकृत महिला पारिश्रमिक के लिए कोई कार्य न कर रही हो।

91. मातृत्व हितलाभ हेतु निरर्हता – यदि बीमाकृत महिला बिना उचित कारण के, चिकित्सा परीक्षण हेतु जब अपेक्षित हो, उपस्थित होने या स्वयं को परीक्षण के लिए प्रस्तुत करने में असफल रहती है, तो उसे मातृत्व हितलाभ प्राप्त करने से निरर्ह घोषित किया जा सकता है; और ऐसी निरर्हता उतने दिनों के लिए होगी, जितना इस संबंध में निगम द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी निर्धारित करे।

परंतु यह कि बीमाकृत महिला किसी महिला चिकित्सक या दाई के अतिरिक्त किसी अन्य द्वारा परीक्षण करने से मना कर सकती है।

92. प्रमाण-पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी – विनियम 79 से 85 के अंतर्गत अपेक्षित कोई भी प्रमाण-पत्र, उस बीमा चिकित्सा अधिकारी के अतिरिक्त किसी अन्य द्वारा जारी नहीं किया जाएगा, जिसके पास बीमाकृत महिला आवंटित है या थी, अथवा किसी ऐसे औषधालय, अस्पताल, निदान केंद्र या अन्य संस्था से संबद्ध बीमा चिकित्सा अधिकारी जिसके साथ बीमाकृत महिला संबद्ध है या थी। ऐसा बीमा चिकित्सा अधिकारी जाँच करेगा और यदि उसके मत में महिला की स्थिति के अनुरूप यह न्यायोचित लगे, या बीमाकृत महिला की मृत्यु अथवा बच्चे की मृत्यु के मामले में, यदि वह ऐसी मृत्यु के संबंध में संतुष्ट है, तो वह ऐसी बीमाकृत महिला को या उसकी मृत्यु के संबंध में संतुष्ट हो तो वह ऐसी बीमाकृत महिला को या उसकी मृत्यु की स्थिति में उसके नामिती अथवा विधिक प्रतिनिधि को, यथास्थिति, निःशुल्क ऐसा कोई प्रमाण-पत्र जारी करेगा, जब भी बीमाकृत महिला अथवा उसके नामिती या विधिक प्रतिनिधि द्वारा, यथास्थिति, संहिता, किसी अन्य अधिनियम अथवा इन विनियमों के अंतर्गत या उनके प्रयोजनों के लिए उसकी युक्तिसंगत आवश्यकता हो :

परंतु ऐसा अधिकारी, इन विनियमों के अंतर्गत उपर्युक्त प्रकार का प्रमाण-पत्र उस बीमाकृत महिला को अथवा उसके संबंध में भी जारी कर सकता है, जो उसके पास या उस औषधालय, अस्पताल, निदानशाला या अन्य संस्था, जिससे वह अधिकारी संबद्ध है, आबंटित नहीं है या नहीं थी, यदि वह अधिकारी उस महिला की प्रसवपूर्व देखभाल, प्रसूति, गर्भपात या गर्भावस्था अथवा प्रसूति, बच्चे के समय-पूर्व जन्म या गर्भपात से उत्पन्न बीमारी के समय उपचार कर रहा हो, या मृत्यु की स्थिति में

यदि वह बीमाकृत महिला या बच्चे की मृत्यु के समय उस मृत बीमाकृत महिला या बच्चे की चिकित्सीय परिचर्या कर रहा था :

परंतु यह भी कि इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित गर्भावस्था, संभावित प्रसूति, प्रसूति या गर्भपात का प्रमाण-पत्र एक पंजीकृत दाई द्वारा जारी किया जा सकता है, जिसे बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने पर निगम द्वारा स्वीकार किया जाएगा।

परंतु यह भी कि ऐसा अधिकारी किसी बीमाकृत महिला को, इन विनियमों के अंतर्गगत अपेक्षित गर्भावस्था, संभावित प्रसूति, प्रसूति या गर्भपात का प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है, जो उसे या उस औषधालय, अस्पताल, निदानशाला या अन्य संस्था को आवंटित नहीं है, जिसके साथ ऐसा अधिकारी संबद्ध है, यदि ऐसा अधिकारी प्रसवपूर्व या प्रसूति के लिए महिला की परिचर्या कर रहा हो।

93. बीमा चिकित्सा अधिकारी के दायित्व - इन विनियमों में निहित कोई भी बात उस बीमा चिकित्सा अधिकारी को, जिसके पास कोई बीमाकृत महिला आवंटित है, या किसी औषधालय, अस्पताल, निदानशाला या अन्य संस्था से संबद्ध बीमा चिकित्सा अधिकारी को, जिससे ऐसी बीमाकृत महिला आवंटित है, इस दायित्व से मुक्त नहीं करेगी कि वह उक्त महिला की चिकित्सीय जांच करे और यदि उसके मत में महिला की स्थिति ऐसी कार्रवाई को उचित ठहराती हो, तो गर्भावस्था, संभावित प्रसूति, प्रसूति, गर्भपात अथवा गर्भावस्था, प्रसव, बच्चे के समयपूर्व जन्म या गर्भपात से उत्पन्न बीमारी के संबंध में प्रमाण-पत्र निःशुल्क जारी करे, भले ही उस अवधि के दौरान उक्त बीमाकृत महिला किसी अन्य व्यक्ति से उपचार अथवा परिचर्या प्राप्त कर रही हो या किसी अन्य अस्पताल अथवा संस्था से उपचार अथवा सेवाएं प्राप्त कर रही हो।

94. चिकित्सा हितलाभ-मान - (1) बीमाकृत व्यक्ति और उसका परिवार, जहां चिकित्सा हितलाभ का विस्तार परिवार तक भी किया गया है, उसे निगम या राज्य सरकार द्वारा संचालित उस औषधालय, अस्पताल, निदानशाला या अन्य संस्था के माध्यम से चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा, जिसे उसे या उसके परिवार को आबंटित किया गया है;

परंतु केंद्र सरकार की राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति में उल्लिखित किसी भी दुर्लभ बीमारी के लिए बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिवार का उपचार निगम या राज्य सरकार द्वारा संचालित औषधालय, अस्पताल, निदानशाला या अन्य संस्था के माध्यम से निगम द्वारा समय-समय पर निर्धारित सीमा तक और ऐसी शर्तों और प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रदान किया जा सकता हो;

(2) जहां उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट संस्थाओं में अपेक्षित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां उप-विनियम (1) में निहित किसी भी बात के होते हुए भी, बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिवार को निगम या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों और प्रक्रियाओं के अधीन, जैसा लागू हो, किसी भी ऐसी चिकित्सा संस्था में चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा सकता है, जो निगम या राज्य सरकार द्वारा अनुरक्षित नहीं है।

95. बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की सूचना - बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में -

(क) यदि मृत्यु रोजगार स्थल पर होती है, तो नियोक्ता, और

(ख) यदि मृत्यु किसी अन्य स्थान पर होती है, तो मृतक के अंत्येष्टि व्यय का पात्र और दावा करने का इरादा रखने वाला व्यक्ति, या

(ग) बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय उपस्थित कोई अन्य व्यक्ति,

तत्काल, मृत बीमाकृत व्यक्ति के शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा, मृत्यु की सूचना देगा।

96. अंत्येष्टि व्यय के दावे हेतु मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करना - बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु के समय उसकी चिकित्सीय परिचर्या करने वाला बीमा चिकित्सा अधिकारी या मृत्यु के बाद शरीर की जांच करने वाला बीमा चिकित्सा अधिकारी या किसी अस्पताल या अन्य संस्था में बीमाकृत व्यक्ति की चिकित्सीय परिचर्या करने वाला चिकित्सा अधिकारी, जहां ऐसे निःशक्त व्यक्ति की मृत्यु हुई, अंत्येष्टि व्यय पाने के पात्र और दावा करने का इरादा रखने वाले व्यक्ति को प्रपत्र 11 में निःशुल्क मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करेगा।

97. बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा मृत्यु प्रमाण-पत्र के बदले अन्य साक्ष्य - निगम बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण-पत्र के बदले किसी अन्य साक्ष्य को स्वीकार कर सकता है, यदि उसके मत में, किसी विशेष मामले की परिस्थितियाँ ऐसा उचित ठहराती हैं।

98. अंत्येष्टि व्यय हेतु दावा प्रस्तुतीकरण - (1) अंत्येष्टि व्यय का दावा संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत पात्र दावेदार द्वारा प्रपत्र 20 में उपयुक्त शाखा कार्यालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा रूप में प्रस्तुत किया जाएगा और अवयस्क के मामले में, उसके अभिभावक द्वारा, और ऐसे दावे को दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जो प्रमाणित करें :

(i) मृत व्यक्ति की मृत्यु,

(ii) कि दावा करने वाला व्यक्ति मृत बीमाकृत व्यक्ति के परिवार का सबसे बड़ा जीवित सदस्य है और उसने मृतक की अंत्येष्टि के लिए आवश्यक व्यय किया है, या

(iii) यदि दावेदार परिवार के सबसे बड़े जीवित सदस्य के अतिरिक्त कोई अन्य है-

(क) कि मृत बीमाकृत व्यक्ति का कोई परिवार नहीं था या मृत बीमाकृत व्यक्ति अपनी मृत्यु के समय अपने परिवार के साथ नहीं रह रहा था; और

(ख) कि दावाकर्ता ने वास्तव में मृत बीमाकृत व्यक्ति की अंत्येष्टि पर दावा किया गया व्यय किया है;

परंतु जहां उपयुक्त कार्यालय आवेदक की सत्यनिष्ठा के बारे में या ऊपर उल्लिखित किसी भी मामले से संबंधित तथ्यों की सत्यता के बारे में संतुष्ट है, वहां एक या अधिक दस्तावेजों से छूट दी जा सकती है।

(2) इस विनियम के उप-विनियम (1) के खंड (i) और (ii) के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित को प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है-

(क) दावेदार का घोषणा-पत्र, जो निम्नलिखित द्वारा विधिवत प्रतिहस्ताक्षरित हो-

(i) सरकार के राजस्व, न्यायिक या मजिस्ट्रियल विभागों का अधिकारी; या
(ii) नगर आयुक्त; या
(iii) कर्मकार प्रतिकर आयुक्त; या
(iv) पंचायत की आधिकारिक मुहर के साथ ग्राम पंचायत का प्रमुख; या
(v) मृत बीमाकृत व्यक्ति का नियोक्ता; या
(vi) बीमा चिकित्सा अधिकारी; या
(vii) क्षेत्रीय बोर्ड का सदस्य; या
(viii) स्थानीय समिति का सदस्य; या

(ख) किसी विशिष्ट मामले की परिस्थितियों में, उपयुक्त कार्यालय को स्वीकार्य कोई अन्य साक्ष्य या घोषणा-पत्र।

अध्याय IV

विविध

99. हितलाभों के निर्धारण हेतु प्राधिकारी - संहिता की धारा 41 की उपधारा (9) के प्रयोजनों के लिए, नकद भुगतान के अतिरिक्त अन्य हितलाभों का मूल्य निर्धारित करने वाला प्राधिकारी निगम का चिकित्सा आयुक्त होगा।

100. चिकित्सा उपचार के संबंध में किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति - बीमाकृत व्यक्ति, और (जहां ऐसे चिकित्सा हितलाभ का विस्तार उसके परिवार तक किया जाता है) उसके परिवार के चिकित्सा उपचार के संबंध में किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति के दावे, निगम द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट परिस्थितियों और शर्तों के अंतर्गत स्वीकार किए जा सकते हैं।

101. प्रतिपूर्ति हेतु चिकित्सा हितलाभ-मान - बीमाकृत व्यक्ति, और उसका परिवार (जहां ऐसे चिकित्सा हितलाभ का विस्तार उसके परिवार तक किया जाता है), आपातकालीन परिस्थिति में चिकित्सा उपचार के लिए राज्य सरकार या निगम द्वारा निर्धारित और प्रकाशित दरों या केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की दरों की सीमा तक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने का पात्र होगा।

102. नियोजक द्वारा प्रदान किए गए हितलाभों का समायोजन।– (1) कोई भी नियोजक, केवल संहिता के अध्याय IV के अधीन अंशदान का भुगतान करने के अपने दायित्व के कारण, किसी कर्मचारी की मजदूरी अथवा उसकी नियोजन की शर्तों के अधीन उसे प्राप्त होने वाले कुल हितलाभों में कोई कटौती नहीं करेगा।

(2) जहाँ किसी कर्मचारी को उसकी नियोजन की शर्तों के अधीन ऐसी अवधि के लिए सवेतन छुट्टी का वेतन दिया जाता है, जिसके लिए वह संहिता के अध्याय IV के अधीन बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ अथवा अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ भी प्राप्त करता है, वहाँ नियोजक

उसी अवधि के लिए कर्मचारी द्वारा वास्तव में प्राप्त हितलाभ की राशि के बराबर छुट्टी के वेतन का समायोजन कर सकता है, ताकि कर्मचारी को कुल मिलाकर उसकी नियोजन की शर्तों के अधीन उसे प्राप्त होने वाली राशि से कम राशि प्राप्त न हो।

(3) उप-विनियम (2) के अधीन कोई समायोजन कर्मचारी द्वारा हितलाभ प्राप्त कर लेने के पश्चात ही किया जाएगा तथा नियोजक कर्मचारी को गणना का लिखित विवरण प्रदान करेगा। यदि बाद में हितलाभ की राशि कम कर दी जाती है, हितलाभ अस्वीकृत कर दिया जाता है अथवा उसकी राशि वापस कर दी जाती है, तो उसी सीमा तक समायोजन को उलट दिया जाएगा।

(4) इस विनियम के अधीन किसी समायोजन के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद का निर्णय नियोजक और कर्मचारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात क्षेत्रीय निदेशक द्वारा किया जाएगा।

(5) कोई नियोजक, जो उप-विनियम (2) के अधीन समायोजन करने से भिन्न, नियोजन की शर्तों के अधीन प्रदान किए जाने वाले किसी हितलाभ की श्रेणी को वापस लेना चाहता है, तो वह क्षेत्रीय निदेशक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा। क्षेत्रीय निदेशक यह सुनिश्चित करेगा कि इससे कर्मचारियों की कुल हितलाभ संबंधी स्थिति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हो।

103. कुछ शर्तों के अधीन कर्मचारी की सेवा से मुक्ति आदि।– यदि किसी कर्मचारी की सेवा की शर्तों में इसकी अनुमति हो, तो नियोजक उचित पूर्व सूचना देकर किसी कर्मचारी को सेवा से मुक्त कर सकता है अथवा उसके पद में कटौती कर सकता है–

(i) जो अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ प्राप्त कर रहा है, जब वह छह महीने या उससे अधिक की निरंतर अवधि के लिए ऐसा हितलाभ प्राप्त कर चुका हो;

(ii) जो बीमारी के लिए उपचाराधीन हो या बीमारी के परिणामस्वरूप काम से अनुपस्थित रहा हो, और इन विनियमों के अनुसार यह विधिवत रूप से प्रमाणित हो कि यह बीमारी गर्भावस्था या प्रसूति के कारण उत्पन्न हुई है, जिससे कर्मचारी काम के लिए अयोग्य हो गई है, और जब कर्मचारी छह महीने या उससे अधिक की निरंतर अवधि के लिए उपचाराधीन हो या काम से अनुपस्थित रह चुका हो;

(iii) खंड (i) और (ii) के उपबंधों के किसी बात के होते हुए भी, जो कर्मचारी इन विनियमों के अनुसार विधिवत रूप से प्रमाणित निम्नलिखित बीमारियों में से किसी के लिए 18 महीने या उससे अधिक की निरंतर अवधि के लिए उपचाराधीन रह चुका हो :

I. संक्रामक रोग

1. तपेदिक

2. कुष्ठ रोग

3. चिरकारी पूयसंचय

4. श्वसनी विस्तार

5. अंतरालीय फेफड़ा रोग

6. एड्स

II. अर्बुद

7. घातक रोग

III. अंतःस्रावी पोषण और चयापचय संबंधी विकार

8. प्रोलिफेरेटिव रेटिनोपैथी/डायबिटिक फुट/नेफ्रोपैथी सहित जटिल मधुमेह

IV. तंत्रिका तंत्र के विकार

9. एकांग पक्षाघात

10. अर्धांग पक्षाघात

11. निम्नांग पक्षाघात

12. अर्धांग दुर्बलता

13. अंतःकपाल स्थान घेरता घाव

14. कंपवात

15. रीढ़ की हड्डी का संकूचन

16. मायस्थीनिया ग्रेविस/तंत्रिका-मांसपेशीय अपविकास

V. नेत्र रोग

17. 6/6 या उससे कम दृष्टि के साथ अपरिपक्व मोतियाबिंद

18. रेटिना का अलगाव

19. काला मोतिया

VI. हृदयवाहिका तंत्र रोग

20. कोरोनरी धमनी रोग

(क) अस्थिर हृदयशूल

(ख) 45% से कम निष्कासन के साथ हृदय पेशी रोधगलन

21. हृदय की संकुलित विफलता

बायां

दायां

22.हृदय के वाल्व संबंधी रोग, हृदय विफलता/जटिलताओं के साथ

23. हृदय पेशी रोग

24. शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप के साथ हृदय रोग और उनकी जटिलताएं।

VII. छाती रोग

25. संकुलित हृदय विफलता (कॉर पल्मोनेल) सहित दीर्घकालिक अवरोधक फुफ्फुसीय रोग (सीओपीडी)

VIII. पाचन तंत्र के रोग

26. जलोदर सहित यकृत सिरोसिस/दीर्घकालिक सक्रिय यकृतशोथ

IX. हड्डी रोग

27. कशेरुका का विस्थापन/अंतरकशेरुकी डिस्क का स्खलन

28. अस्थिभंग का असंयोजन अथवा विलंबित संयोजन

29. आघातोत्तर निम्न अंग का शल्यच्छेदन

30. दीर्घकालिक अस्थिमज्जाशोथ सहित संयुक्त अस्थिभंग

X. मनोविकृति

31. स्पष्टीकरण के लिए इसके अंतर्गत उपसमूह सूचीबद्ध हैं

(क) मनोविदलता

(ख) अंतर्जात अवसाद

(ग) उन्माद अवसादग्रस्त मनोविकृति (एमडीएफ)

(घ) मनोभ्रंश

XI. अन्य

32. संक्रमण/जटिलताओं सहित 20% से अधिक जलना

33. दीर्घकालिक वृक्क विफलता

34. रेनॉड रोग/ब्यूर्जर रोग

104. बीमारी या अस्थायी निःशक्तता हितलाभ का निलंबन - बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ निलंबित किया जा सकता है, यदि कोई व्यक्ति, जो इस तरह के हितलाभों को प्राप्त कर रहा है, संहिता की धारा 41 की उप-धारा (3) की अपेक्षाओं में से किसी का अनुपालन करने में विफल रहता है, और ऐसा निलंबन उन दिनों की संख्या के लिए होगा, जो इस संबंध में महानिदेशक द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा तय किया जा सकता है।

105. हड़ताल के दौरान बीमारी या अस्थायी निःशक्तता हितलाभ - कोई भी व्यक्ति, जिस दिन हड़ताल पर होगा, वह निम्नलिखित परिस्थितियों को छोड़कर उस दिन के लिए बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए अस्थायी निःशक्तता हितलाभ का पात्र नहीं होगा-

(i) यदि कोई व्यक्ति किसी कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल या कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल में चिकित्सीय उपचार और अंतःरोगी के रूप में चिकित्सीय परिचर्या प्राप्त कर रहा है; या

(ii) यदि कोई व्यक्ति किसी ऐसी बीमारी के लिए विस्तारित बीमारी हितलाभ प्राप्त करने का पात्र है, जिसके लिए ऐसा हितलाभ स्वीकार्य है; या

(iii) यदि कोई व्यक्ति कर्मचारी संघ (संघों) द्वारा स्थापना के प्रबंधन को हड़ताल की सूचना शुरू होने की तारीख से ठीक पहले बीमारी हितलाभ या अस्थायी निःशक्तता के लिए निःशक्तता हितलाभ प्राप्त कर रहा है;

(iv) यदि किसी बीमाकृत व्यक्ति/बीमाकृत महिला की नसबंदी/नलबंदी के कारण ऑपरेशन हुआ है, तो वह हड़ताल की अवधि के दौरान छुट्टी पर रहने या छुट्टी पर रहने के दौरान, या छुट्टी पर रहने के लिए वेतन प्राप्त करने वाले किसी भी दिन पर विस्तारित बीमारी हितलाभ का पात्र होगा।

106. सेवानिवृत्त बीमाकृत व्यक्तियों को चिकित्सा हितलाभ - (1) कोई बीमाकृत व्यक्ति, जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर बीमायोग्य रोजगार छोड़ देता है, या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के अंतर्गत सेवानिवृत्त होता है या न्यूनतम पांच वर्ष तक बीमाकृत रहने के बाद समयपूर्व सेवानिवृत्ति लेता है, वह अपने और विवाहिती के लिए केंद्रीय नियमावली के नियम 25 के उप-नियम (8) और विनियम 94 के उप-विनियम (1) में दिए गए पैमाने पर चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होगा, परंतु :-

(i) इस प्रयोजन के लिए महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट प्रपत्र में नियोजक से प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना, जो उसकी अधिवार्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के अंतर्गत सेवानिवृत्ति अथवा समयपूर्व सेवानिवृत्ति, जैसा भी मामला हो, का प्रमाण हो; तथा यह कि वह कम-से-कम पाँच वर्ष की अवधि

तक बीमायोग्य नियोजन में रहा है, जिसका संतोष निगम द्वारा इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत अधिकारियों को हो; और

(ii) निगम द्वारा विहित रीति से उपयुक्त निगम कार्यालय में पचास रुपये प्रतिमाह की दर से एक वर्ष की अवधि हेतु अग्रिम रूप से एकमुश्त अंशदान का भुगतान करना।

परंतु यदि सेवानिवृत्त बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु इस उप-विनियम में प्रदत्त उपबंधों के अनुसार अपने और अपने विवाहिती के लिए चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करते समय हो जाती है, तो उसका विवाहिती इस उप-विनियम में प्रदत्त उपबंधों के अनुसार चिकित्सा हितलाभ के लिए पात्र बना रहेगा, परंतु वह निगम के उपयुक्त कार्यालय में निगम द्वारा निर्धारित तरीके से एक वर्ष के लिए एकमुश्त पचास रुपये प्रतिमाह की दर से अंशदान का भुगतान अग्रिम रूप से कर दे।

परंतु यह भी कि जीवित विवाहिती द्वारा देय अंशदान की गणना बीमाकृत व्यक्ति द्वारा किए गए अंशदान की अवधि पूर्ण होने की तारीख से की जाएगी।

(2) नियोक्ता, मांगे जाने पर, उसके द्वारा नियोजित कर्मचारी को उप-विनियम (1) में संदर्भित प्रमाण-पत्र जारी करेगा।

(3) संहिता की धारा 2 की उप-धारा (82) में निर्धारित अनुसार, जहां संविदा या सेवा की शर्तों में किसी ऐसी आयु का उल्लेख नहीं है, जिस आयु को प्राप्त करने पर कर्मचारी को रोजगार छोड़ना हो, और वह व्यक्ति अब रोजगार में नहीं है, साठ वर्ष वह आयु मानी जाएगी, जिस पर बीमाकृत व्यक्ति ने बीमायोग्य रोजगार छोड़ा था।

107. चिकित्सा हितलाभ हेतु दस्तावेज़ प्रस्तुतीकरण - कोई व्यक्ति, जो चिकित्सा हितलाभ का दावा करना चाहता है, और जो अन्यथा ऐसे हितलाभ के लिए पात्र है, ऐसे हितलाभ का दावा करते समय, यदि बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा मांग की जाती है, अपना बीमाकृत व्यक्ति कार्ड या उसके बदले में जारी ऐसा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा और यदि वह ऐसा करने में विफल रहता है, तो उसे चिकित्सा हितलाभ देने से मना किया जा सकता है।

108. अतिरिक्त प्रमाण-पत्र - जहां किसी ऐसे प्रमाण-पत्र की सत्यता के विषय में कोई प्रश्न उठता है, जिसके आधार पर कोई बीमाकृत व्यक्ति संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत किसी हितलाभ का दावा करता है, या पात्र है, तो वह, इस संबंध में कोई अतिरिक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए उपयुक्त कार्यालय द्वारा लिखित या अन्यथा मांगे जाने पर, ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा परीक्षण के लिए खुद को प्रस्तुत करेगा, जिसे निगम इस संबंध में नियुक्त करे। यदि अतिरिक्त प्रमाण-पत्र में वह तारीख निर्दिष्ट की गई है, जिस पर बीमाकृत व्यक्ति काम पर लौटने के योग्य है या होगा, तो उस अक्षमता अवधि के लिए बीमा चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किए गए या किए जा चुके किसी भी प्रमाण-पत्र को, उस सीमा तक, जहां तक यह अतिरिक्त प्रमाण-पत्र पर उक्त तारीख के बाद और उस तारीख को सम्मिलित करते हुए किसी अवधि से संबंधित है, इन विनियमों के अनुसार जारी नहीं

किया गया माना जाएगा और इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, विनियम 45 और 47 के अंतर्गत जारी अंतिम प्रमाण-पत्र माना जाएगा। इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, इस तरह के प्रमाण-पत्र में जहां तक यह बीमारी या अस्थायी अक्षमता से संबंधित है, ऐसे अंतराल पर और ऐसी अवधि के संबंध में जारी किया जा सकता है, जैसा कि ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है।

109. परिस्थितियों में परिवर्तन की सूचना देना - वह प्रत्येक व्यक्ति, जिसे संहिता के अध्याय IV के अंतर्गत कोई हितलाभ देय है, जैसे ही व्यावहारिक हो, परिस्थितियों में हुए ऐसे किसी भी परिवर्तन के विषय में, जिसके बारे में यह अपेक्षा की जा सकती है कि उसे उसकी जानकारी होगी और जो ऐसे हितलाभ को प्राप्त करने के उसके अधिकार की निरंतरता को प्रभावित कर सकता है, उपयुक्त कार्यालय को सूचित करेगा।

110. चिकित्सा उपचार प्रदत्त क्षेत्र को छोड़ने की अनुमति - संहिता की धारा 41 की उपधारा (3) (ग) के प्रयोजन के लिए, यदि निगम के चिकित्सा अधिकारी के मत में, किसी विशेष मामले की परिस्थितियाँ ऐसा उचित ठहराती हैं, तो बीमारी हितलाभ या निःशक्तता हितलाभ (स्थायी निःशक्तता के अंतर्गत दिए गए हितलाभ के अतिरिक्त) प्राप्त करने वाले व्यक्ति को उस क्षेत्र को छोड़ने की अनुमति दी जा सकती है, जिसमें अध्याय IV के अंतर्गत चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाता है।

परंतु राज्य सरकार, स्थानीय निकाय या अन्य चिकित्सा संस्था के चिकित्सा अधिकारी, या किसी पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा ऐसे प्रपत्र में जारी किया गया प्रमाण-पत्र भी इस प्रयोजन के लिए स्वीकार किया जा सकता है, जिसमें इस संबंध में महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट रीति से विवरण दर्ज हों।

111. स्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा करने वाले व्यक्ति के संबंध में प्रमाण-पत्र - प्रत्येक व्यक्ति जिसका किसी भी स्थायी निःशक्तता हितलाभ के लिए दावा स्वीकार किया गया है, वह प्रत्येक वर्ष जनवरी में प्रपत्र 21 में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या अन्यथा जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा।

112. स्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा करने वाले व्यक्ति के संबंध में प्रमाण-पत्र – प्रत्येक व्यक्ति, जिसका स्थायी निःशक्तता हितलाभ का दावा स्वीकार कर लिया गया है, प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के दौरान प्ररूप 21 में जीवन प्रमाण-पत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा प्रस्तुत करेगा।

परंतु यह कि जहाँ जीवन प्रमाण-पत्र विनिर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है, वहाँ वह अंतिम बार प्रस्तुत किए जाने की तारीख से बारह माह की अवधि तक वैध रहेगा तथा हितग्राही उक्त बारह माह की अवधि समाप्त होने से पूर्व किसी भी माह में इसे ऑनलाइन नवीकृत कर सकता है।

113. स्थायी निःशक्तता हितलाभ या आश्रितजन हितलाभ का दावा करने वाले व्यक्ति की व्यक्तिगत उपस्थिति - स्थायी निःशक्तता हितलाभ या आश्रितजन हितलाभ के दावेदार के मामले में, उपयुक्त

शाखा प्रबंधक द्वारा, शारीरिक बीमारी या दुर्बलता के कारण अक्षम व्यक्ति या पर्दानशीन महिला के अतिरिक्त, किसी भी दावेदार की उपयुक्त शाखा कार्यालय में, या निगम के किसी अन्य कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थिति और विधिवत् उचित पहचान की पुष्टि करनी अपेक्षित हो सकती है, परंतु ऐसी उपस्थिति की आवश्यकता प्रत्येक वर्ष एक बार से अधिक बार नहीं होगी।

114. नियोक्ता या बीमाकृत व्यक्ति द्वारा अतिरिक्त जानकारी प्रस्तुत करना - नियोक्ता या बीमाकृत व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, उपयुक्त कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर, महानिदेशक द्वारा निर्दिष्ट किए गए रूप में जानकारी प्रस्तुत करेगा।

115. चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए निगम में सेवा करने की अवधि तथा बंधपत्र प्रस्तुत करने का तरीका।– चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा निगम में सेवा करने की अवधि तथा बंधपत्र प्रस्तुत करने का तरीका, महानिदेशक द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

116. व्यावसायिक और महामारी-विज्ञान सर्वेक्षण - निगम बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और कार्य स्थितियों के आकलन के लिए क.रा.बी.निगम व्यवसायजन्य रोग केंद्रों (ओडीसी)/क.रा.बी.निगम व्यावसायिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अनुसंधान संस्थान (आईओएचईआर) या निगम की किसी अन्य संस्था के माध्यम से उतनी संख्या में व्यावसायिक और महामारी-विज्ञान सर्वेक्षण और अध्ययन कर सकता है, जितने वह उचित समझे।

117. अन्य लाभार्थियों हेतु प्रयोक्ता प्रभार - निगम संहिता की धारा 44 के अंतर्गत तैयार की गई योजना में अन्य लाभार्थियों द्वारा निगम द्वारा स्थापित कम उपयोग वाले अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाने के लिए केंद्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से संहिता की धारा 44 में उल्लिखित योजना के उपयोगकर्ता शुल्क और अन्य विवरणों की दर को अधिसूचित कर सकता है।

118. रसीद बही - केंद्रीय नियमावली के नियम 30 के उप-नियम (1) में उल्लिखित रसीद बही प्रपत्र 24 में होगी और मशीन द्वारा क्रमिक रूप से क्रमांकित की जाएगी और अप्रयुक्त प्रपत्रों को वित्तीय आयुक्त या निगम के ऐसे अन्य अधिकारी की अभिरक्षा में रखा जाएगा, जिसे निगम द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किया जाए।

119. कर्मचारी बीमा न्यायालय के समक्ष कार्यवाही प्रारंभ होना - (1) कर्मचारी बीमा न्यायालय के समक्ष कार्यवाही, आवेदन द्वारा प्रारंभ की जाएगी।

(2) ऐसा प्रत्येक आवेदन उस तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर किया जाएगा, जिस तारीख को कार्रवाई का कारण उत्पन्न हुआ था।

स्पष्टीकरण : इस विनियम के प्रयोजन के लिए-

(क) हितलाभ के दावे के संबंध में कार्रवाई का कारण तब तक उत्पन्न नहीं माना जाएगा, जब तक कि बीमाकृत व्यक्ति या आश्रितजन के हितलाभ के मामले में, बीमाकृत व्यक्ति के आश्रितजन इस

संबंध में बनाए गए विनियमों के अनुसार दावा देय होने की तिथि के बारह महीने के भीतर या कर्मचारी बीमा न्यायालय द्वारा उसे उचित प्रतीत होने वाले आधार पर अनुमत ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर हितलाभ का दावा नहीं करते हैं;

(ख) निगम द्वारा नियोक्ता से अंशदान (ब्याज और हर्जाने सहित) की वसूली के लिए किए गए दावे के संबंध में कार्रवाई का कारण, उस तारीख को उत्पन्न हुआ माना जाएगा, जिस तारीख को निगम द्वारा पहली बार ऐसा दावा किया जाता है :-

परंतु यह कि जहाँ निगम द्वारा संहिता की धारा 125 के अधीन कोई कार्यवाही प्रारंभ की गई है, वहाँ निगम इस खंड के अधीन वाद-हेतुक उत्पन्न होने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर कर्मचारी बीमा न्यायालय के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत करेगा तथा किसी भी स्थिति में उस अवधि से आठ वर्ष के पश्चात दावा प्रस्तुत नहीं करेगा, जिससे संबंधित दावा है। इसमें संहिता की धारा 125 के अधीन कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए अनुमत पाँच वर्ष की अवधि तथा उप-विनियम (2) के अधीन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अनुमत तीन वर्ष की अवधि सम्मिलित है और जहाँ नियोजक ने निगम को देय राशि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्यथा घोषित कर दी है, वहाँ नियोजक द्वारा ऐसी घोषणा किए जाने की तारीख से पाँच वर्ष के पश्चात निगम द्वारा कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।

(ग) नियोक्ता द्वारा ठेकेदार से अंशदान की वसूली के लिए किए गए दावे के संबंध में कार्रवाई का कारण निगम को विनियमों के अंतर्गत भुगतान किए गए अंशदान का साक्ष्य प्राप्त होने की तारीख तक उत्पन्न नहीं माना जाएगा

(3) ऐसा प्रत्येक आवेदन निगम के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में और विवरणों से युक्त और शुल्क के साथ, यदि कोई हो, होगा।

120. निरीक्षण पुस्तिका - (1) प्रत्येक नियोक्ता एक सजिल्द निरीक्षण पुस्तिका का अनुरक्षण करेगा तथा निरीक्षण के समय, निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता अथवा निगम द्वारा निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए विधिवत् रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी की मांग पर उसे प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा, चाहे निरीक्षण के दौरान नियोक्ता स्थापना में मौजूद हो या नहीं।

(2) निरीक्षण के समय पाई गई सभी अनियमितताओं और अवैधताओं का विवरण, जिसमें निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता अथवा निगम द्वारा निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए विधिवत् रूप से प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा नियोक्ता के विरुद्ध प्रस्तावित की जाने वाली कार्रवाई, यदि कोई हो, का उल्लेख हो, उनके निवारण या निराकरण हेतु पारित आदेशों सहित नियोक्ता को भेजा जाएगा, जो उक्त विवरण और आदेशों को निरीक्षण पुस्तिका में दर्ज करेगा।

(3) प्रत्येक नियोक्ता इस विनियम के अंतर्गत अनुरक्षित निरीक्षण पुस्तिका को भरने के बाद, उसमें अंतिम प्रविष्टि की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित करेगा।

121. सूचना प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन की प्रक्रिया – इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, जहाँ कहीं प्रकार्यात्मकता की ऑनलाइन प्रणाली लागू की गई है, वहाँ कारखाने/स्थापना तथा कर्मचारियों का पंजीकरण, अंशदानों का जमा किया जाना, चालानों का सृजन, अंशदानों का भुगतान, हितलाभों के दावों का प्रस्तुत किया जाना एवं उनका प्रक्रमण तथा संहिता और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत सभी संबंधित प्रक्रियाएँ, जहाँ इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित हो, आवश्यक डिजिटल हस्ताक्षरों सहित, समय-समय पर महानिदेशक द्वारा विनिर्दिष्ट किए अनुसार, ऑनलाइन प्रस्तुत/संपन्न की जाएंगी।

122. शिथिलीकरण– महानिदेशक, लिखित रूप में कारण अभिलिखित करते हुए, विशेष अथवा सामान्य आदेश द्वारा, ऐसी परिस्थितियों में तथा ऐसी शर्तों के अधीन, किसी विनियम में शिथिलीकरण प्रदान कर सकेगा, जैसा वह उचित समझे, बशर्ते कि ऐसा शिथिलीकरण लोकहित में आवश्यक हो। ऐसे शिथिलीकरण को अनुसमर्थन हेतु निगम के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रपत्र -1

कर्मचारी पंजीकरण घोषणा प्रपत्र

[विनियम 11 तथा 12]

(सा.सु.संहिता 2020 के अध्याय 4 के अंतर्गत पहले से अपंजीकृत कर्मचारी के संबंध में प्रस्तुत किया जाए)

1.

नाम	आधार संख्या :

परंतु यह कि विनियम 11 और 12 में विनिर्दिष्ट विवरणों के संग्रहण हेतु डिजिटल प्रणालियाँ सक्षम होने तक, नीचे उल्लिखित विवरण इस संबंध में विनिर्दिष्ट तरीके से एकत्र किए जाएंगे:

कर्मचारी का नाम (बड़े अक्षरों में)	**जन्म तिथि/आयु**	**लिंग**		**वैवाहिक स्थिति**		
		पुरुष	महिला			
		प्रकट नहीं करना चाहते (D)		विवाहित	अविवाहित	विधवा/विधुर

2. (नियोजक के माध्यम से बीमाकृत व्यक्ति द्वारा भरा जाएगा)

आवासीय पता		
पिन कोड		
बीमाकृत व्यक्ति का मोबाइल नंबर		
आपातकालीन स्थिति में संपर्क हेतु बीमाकृत व्यक्ति का वैकल्पिक मोबाइल नंबर		
ई-मेल आई डी		
आधार से जुड़ा बैंक खाता		
बैंक का नाम		
खाता संख्या		

4. नियुक्ति की तिथि :

उपचार हेतु चयनित

क.रा.बी.औषधालय

5. नियोक्ता का नाम एवं पता तथा संबद्ध शाखा कार्यालय (मुहर लगाएं)

.....

.....

.....

.....

6. मृत्युपरांत नकद हितलाभ भुगतान हेतु नामिती का विवरण : (किसी भी समय अद्यतन किया जा सकता है)

नाम	संबंध	आधार संख्या	बैंक विवरण
			बैंक का नाम शाखा खाता संख्या

7. परिवार का विवरण :

क्रम संख्या	नाम तथा बीमाकृत व्यक्ति के साथ संबंध	आधार संख्या	जन्मतिथि	क्या बीमाकृत व्यक्ति के साथ निवास करते हैं (हाँ/नहीं)	यदि अन्य स्थान पर निवास करते हैं, तो राज्य के नाम सहित पूरा पता।

(यदि बीमाकृत व्यक्ति अविवाहित है, तथा उसके माता-पिता जीवित नहीं है, तो उस पर पूर्णरूप से आश्रित अवयस्क भाई अथवा बहन का विवरण दें)

8. कृपया आश्रित माता-पिता की सभी स्रोतों से कुल मासिक आय, यदि कोई हो, तो विवरण दें।

9. यदि बीमाकृत व्यक्ति निःशक्त है, तो निःशक्तता का प्रकार तथा प्रतिशत इंगित करें।

(कृपया संगत दस्तावेज़ संलग्न करें)

घोषणा

1. मैं अपने परिवार के सदस्यों की संख्या अथवा उनकी स्थिति में किसी भी परिवर्तन की सूचना यथाशीघ्र देने का वचन देता/देती हूँ।
2. मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है।

.....

बीमाकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

.....

नियोक्ता अथवा प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

के प्रतिहस्ताक्षर (नाम तथा तिथि सहित)

प्रपत्र - 1क

बीमाकृत व्यक्ति कार्ड

कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियमावली, 2026

[विनियम14]

निजी विवरण			
बीमाकृत व्यक्ति का नाम	:	बीमा संख्या	:
जन्म तिथि	:	यूएचआईडी	:
लिंग	:	यूएएन	:
मोबाइल संख्या	:	आभा संख्या	:
ईमेल पता	:	आभा पता	:
पंजीकरण तारीख	:	आधार	:
पंजीकरण विवरण			
वैवाहिक स्थिति	:	पिता/ पति का नाम	:
निःशक्तता का प्रकार	:		
वर्तमान पता	:	स्थायी पता	:
औषधालय/ बीमाकृत व्यक्ति हेतु बीमा चिकित्सा व्यवसायी	:	औषधालय/ परिवार हेतु बीमा चिकित्सा व्यवसायी	:

वर्तमान नियोक्ता विवरण	
नियोक्ता की कूट संख्या :	नियोक्ता का नाम :
उप इकाई की कूट संख्या :	नियुक्ति की तिथि :
नियोक्ता का पता :	शाखा कार्यालय :

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

<u>बीमाकृत व्यक्ति कार्ड</u>

परिवार विवरण

नाम	बीमाकृत व्यक्ति से संबंध	जन्म तिथि	यूएचआईडी/ आभा संख्या	आभा पता	यूएएन/ आधार	क्या बीमाकृत व्यक्ति के साथ रहते हैं	राज्य/जिला

नामिती विवरण

नामिती का नाम	बीमाकृत व्यक्ति से संबंध	जन्म तिथि	यूएचआईडी/ आभा संख्या	नामिती का पता	प्रतिशत (%)

यहां परिवार का छायाचित्र

(नियोक्ता/क.रा.बी.निगम कार्मिक द्वारा मुहर सहित अनुप्रमाणित)

पंजीकृत कर्मचारी/बीमाकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे का चिह्न

क.रा.बी.निगम

अधिकारी/नियोक्ता के हस्ताक्षर/मुहर

टिप्पणी :

- परिवार के छायाचित्र सहित तथा नियोक्ता/कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारी द्वारा विधिवत् अनुप्रमाणित यह बीमाकृत व्यक्ति पहचान-पत्र नकद तथा चिकित्सा हितलाभ प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।
- बीमाकृत व्यक्ति पहचान-पत्र कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण का प्रमाण है। तथापि, विभिन्न हितलाभों के लिए पात्रता अंशदान संबंधी शर्तों की पूर्ति पर निर्भर करेगी।

मुद्रक (नियोक्ता/प्रयोक्ता नाम) :
बीमाकृत व्यक्ति संख्या :
पता :
दिनांक :

प्रपत्र -1ख

बीमाकृत व्यक्ति/परिवार का विवरण अद्यतन करने हेतु प्रपत्र

(विनियम 15)

परिवार घोषणा प्रपत्र

बीमाकृत व्यक्ति का नाम .....

बीमा संख्या .....

क्रम संख्या	नाम	जन्मतिथि	बीमाकृत व्यक्ति के साथ संबंध	[क्या उसके साथ रह रहा/रही हो या नहीं]

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि, मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि मेरे परिवार की सदस्यता में किसी भी परिवर्तन के 15 दिनों के भीतर मैं ऐसे परिवर्तनों की सूचना निगम को दूँगा/दूँगी।

तिथि .....

बीमाकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

अथवा अंगूठा चिह्न

.....

प्रतिहस्ताक्षरित.....

तिथि .....

पदनाम .....

नियोक्ता का नाम, पता तथा कूट संख्या

.....

[नोट-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 की धारा 2 के खंड (II) के अनुसार "परिवार" का अर्थ कर्मचारी के निम्नलिखित रिश्तेदारों में से सभी या कोई भी है, अर्थात्- (क) विवाहिती (ख कर्मचारी पर आश्रित अवयस्क वैध या दत्तक संतान (ग) कर्मचारी पर पूर्ण रूप से आश्रित ऐसी संतान जो– (i) शिक्षा प्राप्त कर रही हो, जब तक वह 21 वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले, (2) अविवाहित पुत्री; (घ) ऐसी संतान, जो किसी शारीरिक या मानसिक असामान्यता या चोट के कारण अशक्त हो और जो कर्मचारी की आय पर पूरी तरह निर्भर हो, जब तक अशक्तता बनी रहे; [(ड.) आश्रित माता-पिता, महिला कर्मचारी के सास -ससुर सहित जिनकी सभी स्रोतों से आय केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित आय से अधिक न हो (च) यदि कर्मचारी अविवाहित हो और उसके माता-पिता जीवित न हों, तो उसके अवयस्क भाई और/या बहनें, जो पूर्ण रूप से बीमाकृत व्यक्ति की आय पर निर्भर हों।]

प्ररूप - 1ग

क. रा.बी. नकद हितलाभों के लिए मेरा नामिति

[विनियम 78 | सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की धारा 41(6)]

नामांकन / नया नामांकन / नामांकन में संशोधन (जो लागू न हो, उसे काट दें)।

1. बीमाकृत व्यक्ति का विवरण

बीमाकृत व्यक्ति का नाम	
बीमा संख्या	
जन्म तिथि	
निरयोकता का नाम एवं संहिता संख्या	
दूरभाष संख्या	

2. नामिती का विवरण

क्रं. सं	नामिती का नाम	संबंध	जन्म तिथि	आधार संख्या (वैकल्पिक)	हिस्सा (%)	बैंक खाता संख्या और आईएफएससी कोड
1.						
2.						

3. घोषणाएँ (जो लागू न हो, उसे काट दें)

(क) संहिता की धारा 2(33) के अर्थ में मेरा परिवार है तथा ऊपर नामित प्रत्येक नामिति मेरे परिवार का सदस्य है।

(ख) वर्तमान में मेरा कोई परिवार नहीं है। मैं समझता/समझती हूँ कि परिवार अर्जित करने पर यह नामांकन अमान्य हो जाएगा तथा मुझे उसके बाद [नब्बे] दिनों के भीतर नया नामांकन करना होगा।

(ग) यह नामांकन मेरे पूर्ववर्ती नामांकन का स्थान लेता है।

कृपया ध्यान दें (विनियम 78)

यदि आपका परिवार है, तो आपका नामिति आपके परिवार का सदस्य होना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामांकन अमान्य होगा। यदि आपका कोई परिवार नहीं है, तो आप

किसी भी व्यक्ति को नामित कर सकते हैं, लेकिन परिवार अर्जित करने पर ऐसा नामांकन अमान्य हो जाएगा और आपको नया नामांकन करना होगा।

यदि किसी नामिति की मृत्यु आपकी मृत्यु से पहले हो जाती है, तो उसका हिस्सा आपको वापस मिल जाएगा और आपको पुनः नामांकन करना होगा। आप इस प्ररूप को पुनः भरकर किसी भी समय अपने नामिति में परिवर्तन कर सकते हैं। यदि कोई वैध नामांकन नहीं है, तो आपकी मृत्यु के पश्चात देय नकद हितलाभ का भुगतान आपके उत्तराधिकारी अथवा कानूनी प्रतिनिधि को किया जाएगा

दिनांक: ..... बीमाकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान: .....

साक्षी (केवल अंगूठे का निशान लगाए जाने की स्थिति में आवश्यक):

1. .....
2. .....

प्राप्ति की पावती (नियोजक अथवा निगम द्वारा भरी जाएगी)

प्राप्ति की तारीख: ..... पावती संख्या: ..... प्राप्तकर्ता अधिकारी का नाम, पदनाम एवं हस्ताक्षर: .....

प्रपत्र - 2

अंशदान विवरणी

(विनियम 16)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

शाखा कार्यालय का नाम..... नियोक्ता कूट संख्या.....

स्थापना का नाम और पता : .....

नियोक्ता(ओं) का विवरण

(क) नाम : .....

(ख) पदनाम : .....

(ग) आवासीय पता .....

अंशदान अवधि.....से.....तक

मैं निम्नलिखित बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में नियोक्ता और कर्मचारी के अंशदान का विवरण प्रस्तुत करता हूं। मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि विवरणी में प्रत्येक ऐसा कर्मचारी सम्मिलित है, जो सीधे या ठेकेदार के माध्यम से या स्थापना के कार्य के संबंध में या स्थापना के प्रशासन या कच्चे माल की खरीद, तैयार उत्पादों की बिक्री या वितरण आदि से संबंधित किसी भी कार्य..... में कार्यरत है, जिसके संबंध में सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का 36) का अध्याय लागू होता है, अंशदान अवधि के संबंध में जिससे यह विवरणी संबंधित है और नियोक्ता और कर्मचारी के अंश के संबंध में अंशदान को संहिता और विनियमों के उपबंधों के अनुसार सही ढंग से भुगतान किया गया है।

कर्मचारी का अंश.....

नियोक्ता का अंश.....

कुल अंशदान.....

चालान का विवरण :-

क्रम संख्या	माह	चालान की तिथि	राशि	बैंक और शाखा का नाम
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				

स्थान : ..... अदा की गई कुल राशि ₹.....

दिनांक : .....

नियोक्ता के हस्ताक्षर और पदनाम

(रबड़-मुहर सहित)

महत्वपूर्ण अनुदेश : "जानकारी अभ्युक्ति स्तंभ (क्रमांक 9) में दी जाए"

(i) यदि किसी बीमाकृत व्यक्ति की नियुक्त पहली बार हुई है और/या अंशदान अवधि के दौरान नौकरी छोड़ देता है तो "नियुक्ति की तिथि"..... और/या "छोड़ने की तिथि".....इंगित करें।

(ii) कृपया बीमा संख्या को आरोही क्रम में इंगित करें।

(iii) स्तंभ 4, 5 और 6 में दिए गए आंकड़े अंशदान अवधि के दौरान समाप्त होने वाली मजदूरी अवधि के संबंध में होंगे।

(iv) विवरणी के स्तंभ 4, 5 और 6 के योग को अनिवार्य रूप से काट दें।

(v) कोई भी अधिलेखन नहीं किया जाएगा। कोई भी सुधार, यदि किया गया है, तो नियोक्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए।

(vi) इस विवरणी के प्रत्येक पृष्ठ पर नियोक्ता के पूर्ण हस्ताक्षर और रबड़-मुहर होनी चाहिए।

(vii) विवरणी के स्तंभ 7 में दैनिक मजदूरी की गणना स्तंभ 5 के आंकड़ों को स्तंभ 4 के आंकड़ों से दो दशमलव स्थानों तक विभाजित करके की जाएगी।

31 मार्च को समाप्त होने वाली *अंशदान अवधि के लिए देय तिथि 15 मई है।

30 सितंबर को समाप्त होने वाली अंशदान अवधि के लिए देय तिथि 14 नवंबर है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नियोक्ता का नाम और पता

.....

नियोक्ता की कूट संख्या

.....अवधि.....से.....तक

क्र. सं.	बीमा संख्या	बीमाकृत व्यक्ति का नाम	दिनों की संख्या, जिनके लिए मजदूरी का भुगतान किया गया है	अदा की गई कुल मजदूरी राशि (₹)	कर्मचारी की अंशदान कटौती (₹)	औसत दैनिक मजदूरी (₹)	क्या अभी भी कार्यरत हैं	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
योग								

*नियुक्ति की तारीख और नौकरी छोड़ने की तिथि

अभ्युक्ति स्तंभ में दी जाए। नियोक्ता के हस्ताक्षर

(कार्यालय उपयोग के लिए)

1. हकदारी की स्थिति चिह्नित की गई।

2. विवरणी के स्तंभ 5 के योग की जांच की गई और सही पाया गया/सही राशि इंगित की गई।

3. नियोक्ता/कर्मचारी के अंशदान की राशि की जांच की गई, जो सही है/टिप्पणी ज्ञापन संलग्न है।

प्रतिहस्ताक्षर .....

प्रवर श्रेणी लिपिक प्रधान लिपिक शाखाधिकारी

प्रपत्र - 3

अंशदान प्रमाण-पत्र

(विनियम 17)

उपयुक्त कार्यालय की मांग पर नियोक्ता द्वारा जारी किया जाएगा।

1. नियोक्ता/स्थापना का नाम :

_____

2. नियोक्ता की कर्मचारी राज्य बीमा कूट संख्या :

_____

3. स्थापना का पता : _____

_____

4. बीमाकृत व्यक्ति का नाम :

_____

5. बीमाकृत व्यक्ति की बीमा संख्या :_____

6. पिता/पति का नाम :

_____

7. बीमाकृत व्यक्ति का पदनाम/कार्य की प्रकृति : _____

8. जिस अवधि हेतु प्रमाण-पत्र जारी किया गया है : _____ से _____ तक

अंशदान का विवरण

क्र.सं.	अंशदान अवधि	भुगतान की गई मजदूरी (₹)	कर्मचारी अंशदान (₹)	नियोक्ता अंशदान (₹)	कुल अंशदान (₹)	भुगतान की तिथि

9. इस अवधि हेतु कुल मजदूरी (₹) : _____

10. भुगतान किया गया/देय कुल अंशदान (₹) : _____

11. अभ्युक्तियां, यदि कोई हों : _____

_____

प्रमाणन

मैं/हम एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि उपर्युक्त बीमाकृत व्यक्ति के संबंध में भुगतान किए गए अथवा देय अंशदानों से संबंधित उपर्युक्त विवरण मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं।

नियोक्ता/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर : _____

नाम :_____

पदनाम :_____

दिनांक :_____

स्थापना की मुहर

प्रपत्र - 4

कर्मचारियों की पंजिका

(विनियम 24)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

अंशदान अवधि :

..... से ..... तक .....

क्र. सं.	बीमा संख्या	बीमाकृत व्यक्ति का नाम	जिस औषधालय से संबद्ध है, उसका नाम	व्यवसाय	विभाग एवं पाली, यदि कोई हो	यदि अंशदान अवधि के दौरान नियुक्ति हुई हो, तो नियुक्ति/सेवा छोड़ने की तारीख	माह		
							वेतन भुगतान किए गए/देय दिनों की संख्या	भुगतान किया गया/देय वेतन की कुल राशि	कर्मचारियों का अंशदान
(1)	(2)	(3)	3(क)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
							योग		
							नियोक्ता का अंश		
							कुल योग		
							भुगतान तिथि		

	माह			माह			माह	
जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	भुगतान किया गया/देय वेतन की कुल राशि (₹)	कर्मचारी का अंशदान (₹)	जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	भुगतान किया गया/देय वेतन की कुल राशि (₹)	कर्मचारियों का अंशदान (₹)	जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	भुगतान की गई/देय मजदूरी की कुल राशि (₹)	कर्मचारियों का अंशदान (₹)
10	11	12	13	14	15	16	17	18
योग			योग			योग		
नियोक्ता का अंश			नियोक्ता का अंश			नियोक्ता का अंश		
कुल योग			कुल योग			कुल योग		
भुगतान तिथि			भुगतान तिथि			भुगतान तिथि		

जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	भुगतान किया गया/देय वेतन की कुल राशि	कर्मचारियों का अंशदान (₹)	जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	भुगतान किया गया/देय वेतन की कुल राशि (₹)	कर्मचारियों का अंशदान	अंशदान अवधि में जिन दिनों हेतु मजदूरी का भुगतान किया गया/देय है, उनकी संख्या	अंशदान अवधि में दिए गए/देय मजदूरी की कुल राशि (₹)	अंशदान में कर्मचारी का कुल अंश (₹)	दैनिक मजदूरी (26 को 25 से विभाजित करें) (₹)
19	20	21	22	23	24	25	26	27	28
योग			योग						
नियोक्ता का अंशदान			नियोक्ता का अंशदान						
कुल योग			कुल योग						
भुगतान तिथि			भुगतान तिथि						

नोट : स्तंभ 7 से 24 में दिए गए आंकड़े किसी विशेष कैलेंडर माह में समाप्त होने वाली मजदूरी अवधि से संबंधित होंगे।

प्रपत्र - 5

प्रथम/मध्यवर्ती/अंतिम प्रमाण-पत्र

[विनियम 43, 44, 45 तथा 85]

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

पुस्तिका संख्या ---------औषधालय/बीमा चि.व्यवसायी/ क.रा.बी.नि.अस्प./क.रा.बी.योजना का नाम -----

----

क्र.सं.	दिनांक.....
बीमा सं.....	नियोक्ता पंजीकरण संख्या.....
बीमारी अवधि या निःशक्तता के प्रथम प्रमाण-पत्र की तारीख.....	शाखा कार्यालय का नाम और पता ....
बीमाकृत व्यक्ति का नाम (श्री/श्रीमती/कु.)	पिता/विवाहिती का नाम (श्री/श्रीमती) ....

प्रमाणित किया जाता है कि आज मैंने आपकी जांच की और मेरा यह परामर्श है कि :-

i. अब आपको चिकित्सीय उपचार, परिचर्या तथा चिकित्सीय आधार पर अपने कार्य से अनुपस्थिति की आवश्यकता है, जिसका कारण है (रोग निदान)..... .....
.....

ii. आप निम्नलिखित कारणों से आज तक (आज के दिन सहित) चिकित्सा उपचार के लिए नियमित रूप से उपस्थित रहे हैं और चिकित्सीय आधार पर कार्य से अनुपस्थित रहे हैं (रोग निदान)
....
.....

iii. मेरी राय में आप कल/दिनांक.....से काम करने के लिए स्वस्थ हो जाएंगे/जाएंगी

चिकित्सा अधिकारी द्वारा कोई अन्य अभ्युक्ति :-

(चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापन)

चिकित्सा अधिकारी की मुहर सहित हस्ताक्षर.....

महत्वपूर्ण अनुदेश :-

1. जो कोई भी व्यक्ति, चाहे अपने लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई मिथ्या कथन या मिथ्या अभ्यावेदन करता है, वह ऐसे अपराध का दोषी होगा, जो छह माह तक के कारावास अथवा ₹50,000 तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडनीय होगा।

2. बीमाकृत व्यक्ति www.esic.in में दिए गए बीमाकृत व्यक्ति पोर्टल पर लॉगिन करके भी नकद हितलाभों का अपना दावा दर्ज कर सकता है।

प्रपत्र - 6

विशेष मध्यवर्ती प्रमाण-पत्र

(विनियम 47 तथा 84)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

पुस्तिका संख्या ---------औषधालय/बीमा चि.व्यवसायी/ क.रा.बी.नि.अस्प./क.रा.बी.योजना का नाम -----

क्र.सं.....	दिनांक.....
बीमा सं.....	नियोक्ता पंजीकरण संख्या.....
बीमारी अवधि या निःशक्तता के प्रथम प्रमाण-पत्र की तारीख.....	शाखा कार्यालय का नाम और पता ....
बीमाकृत व्यक्ति का नाम (श्री/श्रीमती/कु.)	पिता/विवाहिती का नाम (श्री)..... .....

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने आज आपकी जाँच की है, और मेरी राय में, ... के कारण आपको लगातार चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता बनी हुई है और आप आज तक (आज के दिन सहित) काम करने में असमर्थ रहे/रही हैं।

मैं आगे यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि आपकी वर्तमान स्थिति का आकलन करने पर मैंने पाया है कि आपकी बीमारी की प्रकृति ऐसी है कि उपचार के उद्देश्य से आपको प्रत्येक ..... सप्ताह से अधिक बार देखने की आवश्यकता नहीं होगी; और आपको चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता बनी रहेगी तथा आप दिनांक .....से कम-से-कम आगामी ..... सप्ताह की अवधि के अंत तक काम करने में असमर्थ रहेंगे/रहेंगी।

मैं प्रस्ताव करता हूँ कि जब तक आपकी स्थिति में अधिक बार चिकित्सकीय परीक्षण की आवश्यकता उत्पन्न न हो, तब तक उपर्युक्त अंतराल पर इसी प्रपत्र में प्रमाण-पत्र जारी करता रहूँगा।

मेरी राय में अब आपको स्थायी रूप से निःशक्त होने का निर्धारण करने के लिए चिकित्सा बोर्ड के समक्ष संदर्भित किया जाना चाहिए/नहीं किया जाना चाहिए।

चिकित्सा अधिकारी द्वारा कोई अन्य अभ्युक्ति :
(चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापन)

चिकित्सा अधिकारी की मुहर सहित हस्ताक्षर .....

प्रपत्र - 7

बीमारी हितलाभ/अस्थायी निःशक्तता हितलाभ/बीमारी हेतु मातृत्व हितलाभ का दावा

(विनियम 48 और 85)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

मैं ..... बीमा संख्या..... पुत्र/पत्नी/पुत्री ..... एतद्द्वारा नीचे दी गई अवधि के लिए नकद हितलाभ का दावा करता/करती हूँ और निवेदन करता/करती हूँ कि :-

i. *कि बीमारी/अस्थायी निःशक्तता/गर्भावस्था के कारण हुई बीमारी/प्रसव/बच्चे के समयपूर्व जन्म/गर्भपात के कारण, मैं ..... से कार्य से अनुपस्थित हूँ।

ii. *मैं दिनांक ..... से स्वयं को अब बीमार/अस्थायी रूप से निःशक्त/गर्भावस्था, प्रसव, बच्चे के समयपूर्व जन्म अथवा गर्भपात के कारण बीमार होने का दावा नहीं करता/करती हूँ। तथा मैंने उक्त तिथि से पूर्व किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक प्राप्त करने हेतु कोई कार्य-ग्रहण नहीं किया है/नहीं करूँगा/करूँगी।

iii. *छुट्टी/अवकाश के दिनों के लिए मैंने कोई मजदूरी नहीं ली है।

iv. *मैं बीमारी/अस्थायी निःशक्तता के कारण प्रमाणित अनुपस्थिति की अवधि, जिसके लिए मैंने हितलाभ का दावा किया है अर्थात ..... से ..... तक की अवधि के दौरान हड़ताल पर नहीं था/थी।

हितलाभ का भुगतान मेरे बैंक खाते में किया जाए, जिसका विवरण निगम में पहले ही उपलब्ध है/नीचे दिया गया है* :-

बैंक का नाम.....

बैंक खाते की संख्या.....

आईएफएससी कूट ..... (चेक की रद्द की गई प्रति संलग्न है)

(*यदि लागू न हो तो काट दें)

.....

(दावेदार के हस्ताक्षर/बाएँ अँगूठे का निशान)

नाम.....

पता.....

मोबाइल संख्या.....

महत्वपूर्ण अनुदेश :-

3. जो कोई भी व्यक्ति, चाहे अपने लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई मिथ्या कथन या मिथ्या अभ्यावेदन करता है, वह ऐसे अपराध का दोषी होगा, जो छह माह तक के कारावास अथवा ₹2,000 तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडनीय होगा।

4. बीमाकृत व्यक्ति www.esic.in में दिए गए बीमाकृत व्यक्ति पोर्टल पर लॉगिन करके भी नकद हितलाभों का अपना दावा दर्ज कर सकता है।

प्रपत्र - 8

बीमारी हितलाभ/अस्थायी निःशक्तता हितलाभ/मातृत्व हितलाभ
के संबंध में अनुपस्थिति का सत्यापन
(विनियम 38)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

प्रेषक :
प्रबंधक
..... शाखा कार्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

.....

प्रति,
सर्वश्री .....
.....

<u>विषय :- श्री/श्रीमती/कुमारी..... बीमा संख्या..... के संबंध में कार्य से अनुपस्थिति का सत्यापन।</u>

महोदय,

आपकी स्थापना के उपर्युक्त कर्मचारी ने ..... से ..... तक की अवधि के लिए अक्षमता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया है और घोषणा की है कि उसने इस अवधि के दौरान किसी भी दिन कार्य नहीं किया है।

उन्होंने आगे यह भी घोषणा की है कि उन्हें उपर्युक्त अवधि के दौरान किसी भी दिन के संबंध में किसी छुट्टी/अवकाश/साप्ताहिक अवकाश/छंटनी और हड़ताल के लिए, 'सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020' की धारा 2(88) के अंतर्गत यथा परिभाषित मजदूरी प्राप्त नहीं हुई है तथा यह कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान हड़ताल पर नहीं थे।

कृपया इस प्रपत्र की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर, इस संबंध में इसके साथ संलग्न प्रपत्र पर सही स्थिति की पुष्टि करें। मैं आपका आभारी रहूँगा।

भवदीय

दिनांक :-

(प्रबंधक)
..... शाखा कार्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

प्रपत्र - 8क

बीमारी हितलाभ/अस्थायी नि:शक्तता हितलाभ/मातृत्व हितलाभ के संबंध में अनुपस्थिति सत्यापन हेतु नियोक्ता द्वारा दिया जाने वाला उत्तर

(विनियम-38)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

गोपनीय

बीमाकृत व्यक्ति/बीमाकृत महिला का नाम
बीमा संख्या.....

इस टिप्पणी के साथ वापस किया जा रहा है कि संबंधित कर्मचारी ने दिनांक ..... से दिनांक .....तक की अवधि के दौरान किसी भी दिन काम नहीं किया है अथवा उसने दिनांक ..... से ..... तक की अवधि के दौरान दिनांक ..... को काम किया है।
इसके अतिरिक्त यह भी पुष्टि की जाती है कि -

(क) वह दिनांक ..... से दिनांक ..... तक की अवधि के लिए मजदूरी सहित छुट्टी पर था/थी।
(ख) वह दिनांक ..... से दिनांक ..... तक मजदूरी सहित अवकाश पर था/थी।
(ग) वह दिनांक ..... को मजदूरी सहित साप्ताहिक अवकाश पर था/थी।
(घ) वह दिनांक ..... से दिनांक ..... तक मजदूरी सहित कामबंदी पर था/थी।
(ङ) वह दिनांक ..... से दिनांक ..... तक हड़ताल पर था/थी।

2. यदि उपर्युक्त अवधि के बाद किसी भी दिन के लिए बीमाकृत व्यक्ति/बीमाकृत महिला को मजदूरी का भुगतान किया जाता है तो इसकी सूचना यथासमय आपको दी जाएगी।
3. अनुपस्थिति के प्रथम दिवस से ठीक पूर्व दिवस (पहले वाले दिन) बीमाकृत व्यक्ति/बीमाकृत महिला के लिए छुट्टी का दिन था*/नहीं था।

दिनांक :.....

हस्ताक्षर .....
बड़े अक्षरों में नाम तथा मुहर सहित पदनाम

नियोक्ता का पता (मुहर)

नियोक्ता कूट संख्या (17 अंक).....

**यदि लागू नहीं, तो काट दें*

प्ररूप - 8ख

संहिता के अध्याय IV के अधीन हितलाभों के लिए नियोजक द्वारा विवरणी

[विनियम 38 के उप-विनियम (3) तथा विनियम 29क और 29ख देखें]

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

स्थापना का नाम	
नियोक्ता की कोड संख्या	
शाखा कार्यालय / डीसीबीओ	
विवरणी में शामिल अवधि (से - तक)	
शून्य विवरणी (यदि उक्त अवधि के दौरान किसी भी बीमाकृत व्यक्ति के पास चिकित्सा प्रमाण-पत्र नहीं था अथवा वह किसी हितलाभ का पात्र नहीं था, तो सही का निशान लगाएँ)।	

विवरणी में शामिल अवधि के दौरान कार्य करने में असमर्थ प्रमाणित किए गए प्रत्येक बीमाकृत व्यक्ति अथवा ऐसे प्रत्येक बीमाकृत व्यक्ति, जिसके लिए संहिता की धारा 32 की उपधारा (1) के खंड (क), (ख) या (ग) के अधीन किसी हितलाभ का दावा किया गया है अथवा जिसका भुगतान किया गया है, के संबंध में विवरण। चिकित्सा प्रमाण-पत्र का विवरण निगम द्वारा दर्शाया जाएगा तथा नियोजक द्वारा उसमें सुधार किया जा सकेगा।

